दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 259 | जयपुर | बुधवार ,23 जुलाई, 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badhatarajasthan


## संक्षिप्त समाचार

### भारत-यूके व्यापार समझौते पर मुहर, मुइज्जू को मैसेज



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और ब्रिटेन, दोनों देशों के व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत की भी योजना है। पदभार ग्रहण करने के बाद से यह प्रधानमंत्री की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी। 2014 में पदभार ग्रहण करने के बाद से यह उनकी ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से ब्रिटेन की अपनी दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। वह प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के निमंत्रण पर ब्रिटेन जा रहे हैं। वह विभिन्न हितधारकों के साथ कई बैठकें करेंगे और व्यापार समझौते, द्विपक्षीय संबंधों जैसे मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा करेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि प्रधानमंत्री कल, 23 जुलाई को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ चर्चा के लिए ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर जाएँगे। वह राजा चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात करेंगे। भारत और ब्रिटेन, दोनों देशों के व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत की भी योजना है। पदभार ग्रहण करने के बाद से यह प्रधानमंत्री की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी। 2014 में पदभार ग्रहण करने के बाद से यह उनकी ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी।मीडिया को संबोधित करते हुए, मिसरी ने कहा कि भारत और यूके मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के बाद से एक-दूसरे के निकट संपर्क में हैं। छह मई को प्रधानमंत्री मोदी और यूके के प्रधानमंत्री के बीच बातचीत हुई थी, जिसमें घोषणा की गई थी कि दोनों पक्षों ने मुक्त व्यापार समझौते और अन्य मुद्दों पर बातचीत पूरी कर ली है। तब से, दोनों पक्ष एक-दूसरे के बहुत निकट संपर्क में हैं... हम आपको उचित समय पर इससे संबंधित अंतिम विवरण से अवगत कराएँगे।

### मिग-21 फाइटर जेट 19 सितंबर को रिटायर होगा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय वायुसेना में 62 साल तक सर्विस देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान 19 सितंबर को रिटायर होगा। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट का विदाई कार्यक्रम होगा। इसके बाद विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी।मिग-21 जेट 1963 में पहली बार भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता था।फाइटर जेट की आखिरी 2 स्क्वाड्रन (36 मिग-21) राजस्थान के बीकानेर में नाल एयरबेस पर तैनात है। इन्हें नंबर 3 स्क्वाड्रन कोबरा और नंबर 23 स्क्वाड्रन पैंथर्स के नाम से जाना जाता है।मिग-21 जेट ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और 1999 के कारगिल युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एमकेवीए 1 फाइटर एयरक्राफ्ट लेंगे।रक्षा मंत्रालय के आंकडों के मुताबिक, 400 से ज्यादा मिग-21 विमान क्रैश हुए हैं।

## धनखड़ के इस्तीफे के बाद राजस्थान-भाजपा के लिए बड़ी चुनौती

### किसी भी प्रमुख पद पर जाट नेता नहीं, कैबिनेट में 16, संगठन में 13 फीसदी हिस्सेदारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जगदीप धनखड़ के उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद प्रदेश की राजनीति भी गरमा गई हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी पर किसान कौम (जाटों) की अनदेखी करने का आरोप लगाया हैं। कांग्रेस पहले भी जाटों को लेकर बीजेपी पर भेदभाव करने और उन्हें हाशिए पर रखने के आरोप लगाती आई है। अब उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद प्रदेश से बीजेपी में किसी भी प्रमुख पद पर कोई जाट नेता नहीं बचा हैं।ऐसे में प्रदेश में जाटों को साधना बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती होगा। जबकि कांग्रेस में संगठन की कमान जाट नेता गोविंद सिंह डोटासरा के पास है।

**जाटों की कैबिनेट में 16 और संगठन में 13 फीसदी हिस्सेदारी**

वर्तमान में भजनलाल कैबिनेट में जाटों की हिस्सेदारी 16 फीसदी के आस-पास है। मंत्रिपरिषद में दो कैबिनेट और दो राज्यमंत्री जाट कोटे से शामिल है। इनमें से किसी का भी प्रभाव प्रदेश में नहीं है।कैबिनेट मंत्रियों में पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा शामिल हैं। वहीं राज्यमंत्रियों में झाबर सिंह खर्रा को स्वतंत्र प्रभार और विजय सिंह को राज्यमंत्री का दर्जा है। संगठन में प्रदेश पदाधिकारियों में देखें तो जाटों का प्रतिनिधित्व करीब 13 प्रतिशत के आस-पास हैं। संगठन में भी 4 जाट नेताओं को जगह मिली हुई है।इनमें दो उपाध्यक्ष सीआर चौधरी और ज्योति मिर्धा शामिल हैं। वहीं प्रदेश महामंत्री के पद पर संतोष अहलावत और मंत्री के पद पर विजेंद्र पूनियां हैं।लोकसभा चुनाव से पहले सरकार ने सीआर चौधरी को किसान आयोग का अध्यक्ष भी बनाया था। फिलहाल उनके पास दोनों पद हैं।



सीआर चौधरी – प्रदेश उपाध्यक्ष | ज्योति मिर्धा – प्रदेश उपाध्यक्ष | संतोष अहलावत – प्रदेश महामंत्री | विजेंद्र पूनिया – मंत्री

**बीजेपी के लिए जाटों को साधना होगी बडी चुनौती**

अब प्रदेश राजनीति में जाटों को साधना बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती होगी। पार्टी उन्हें केंद्रीय संगठन से लेकर प्रदेश संगठन में अहम पद दे सकती हैं। वर्तमान में केंद्रीय संगठन में प्रदेश से किसी भी पद पर कोई जाट नेता नहीं हैं। बीजेपी में फिलहाल राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पेंडिंग है। नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनकी नई कार्यकारिणी में प्रदेश के जाट नेताओं को अहम पद दिया जा सकता हैं। इसमें पहले से ही सतीश पूनिया को राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने की चर्चाएं भी चल रही हैं।इसी तरह से बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की नई टीम का भी जल्द ऐलान होने की संभावना है। इसमें भी प्रमुख पदों पर जाट नेताओं को तरजीह दी जा सकती हैं।

**कैबिनेट और राजनीतिक नियुक्ति में ज्यादा मौका**

पार्टी कैबिनेट विस्तार में भी जाट मंत्रियों की संख्या बढ़ा सकती हैं। अभी जहां 4 जाट मंत्री हैं। वहीं विस्तार में दो मंत्री जाट कोटे से ओर बनाए जा सकते हैं। वहीं कैबिनेट में जाट मंत्रियों को प्रमुख मंत्रालय देकर भी उन्हें साधा जा सकता हैं।इसी तरह से वर्तमान में प्रदेश में केवल 8 बोर्ड और आयोग में ही सरकार ने राजनीतिक नियुक्तियां की हैं। आने वाले समय में इन राजनीतिक नियुक्तियों में भी जाटों को तरजीह देने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।मोदी मंत्रिमंडल में वर्तमान में केवल भागीरथ चौधरी जाट कोटे से राज्यमंत्री बने हुए हैं। भविष्य में इसमें भी बढ़ोतरी देखी जा सकती हैं।

**विधानसभा में साथ मिला, लोकसभा में दूरी दिखी**

प्रदेश में अभी तक हुए विधानसभा और लोकसभा चुनावों के आकड़ों पर नजर डाले तो बीजेपी को विधानसभा चुनाव में जाटों का पूरा साथ मिला है। हालांकि लोकसभा चुनावों में जाट पार्टी से छिटके नजर आए।इसकी वजह है कि पार्टी जाट बाहुल्य सीटें, सीकर, झुंझुनूं, चूरू, श्रीगंगानगर और बाड़मेर हार गई। बाड़मेर लोकसभा का चुनाव तो खुले तौर पर प्रदेश की दो प्रमुख जातियों में बंटकर रह गया। विधानसभा उप चुनाव में पार्टी ने झुंझुनूं सीट जरूर जीती।

## गहलोत बोले-दबाव में काम करने वाला अचानक इस्तीफा देता है

### धनखड़ परिवार से मेरे 50 साल से संबंध, इस्तीफा राजस्थानवासियों के लिए झटका

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रेपति पद से इस्तीफे के पीछे असली वजह को लेकर आरएस,बीजेपी पर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने पूरे मामले को संशय पैदा करने वाला करार देते हुए इसे आरएसएस बीजेपी पर देश में नया राजनीतिक घटनाक्रम या मूव चलाने की चाल से जोड़ा है।

गहलोत ने कहा- जगदीप धनखड़ संसद के बाहर और अंदर लगातार किसानों से जुड़े मुद्दे लगातार उठा रहे थे। एक बार उन्होंने कृषि मंत्री को भी किसानों के मुद्दे पर खरी खोटी सुनाई थी। मुझे पता नहीं क्यों लग रहा था कि लोकसभा अध्यक्ष और उपराष्ट्रपति दबाव में हैं। तब मैंने जोधपुर में बयान दिया था। अब उपराष्ट्रपति के इस्तीफे से सच्चाई सामने आ गई है। दबाव में काम करने वाला व्यक्ति ही अचानक इस्तीफा देता है। अब असलियत क्या है यह तो पीएम, गृह मंत्री दो ही लोगों को पता है। गहलोत ने कहा- मैंने जब जोधपुर में यह कहा था कि दोनों दबाव में है, तब जयपुर में खंडन किया था। मेरे तो उनके परिवार से 50 साल से संबंध हैं। दिन भर सदन चला है। अचानक इस्तीफा हुआ है। आरएसएस बीजेपी का कोई राजनीतिक घटनाक्रम चलाने का प्लान है क्या?



गहलोत ने कहा- खबरें आ रही है कि सरकार कोई फेयरवेल नहीं देगी यह चौंकाने वाली है, आश्चर्यचकित करने वाली है, दुखद भी है और कई सवाल खड़े करने वाली भी है। समय आने पर मालूम पड़ेगा हकीकत क्या थी?

**मैंने 10 दिन पहले ही कहा था उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष दबाव में काम कर रहे**

गहलोत ने कहा- मैंने अभी 10 दिन पहले जोधपुर में कहा था कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जो राज्यसभा के अध्यक्ष हैं और लोकसभा के अध्यक्ष हैं ओम बिरला जी, दोनों दबाव में काम कर रहे हैं। उसके बाद में धनकड़ साहब जयपुर में आए और कहा कि मैं कोई दबाव में काम नहीं कर रहा हूं, यह उन्होंने कहा था। कहना और बात है हकीकत होना अलग बात है।

गहलोत ने कहा-इसे मैं मामूली घटना नहीं मानता, कोई न कोई मूव तो नहीं है देश के लिए, आरएसएस और बीजेपी छुपा रही हो क्योंकि अचानक लोगों को आश्चर्य हो रहा है।

**राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री के हार्ट के ऑपरेशन होते हैं तो भी स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा नहीं देते**

गहलोत ने कहा- उपराष्ट्रपति का इस्तीफा पूरे देश के लिए चौंकाने वाला है। जो स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है उसके बारे में पूरे देश में चर्चाएं चल रही हैं। सभी का कहना है कि कोई स्वास्थ्य कारण नहीं हो सकता और कोई कारण होगा। जो अभी बाहर नहीं आया।

## राजस्थान हाईकोर्ट को मिले 7 नए जज

### इनमें 6 वकील कोटे से और एक न्यायिक अधिकारी; दूसरी बार संख्या 40 पार हुई

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( नि.स. )।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की ओर से पूर्व की सिफारिशों के आधार पर राजस्थान हाईकोर्ट के लिए 7 नए जजों की नियुक्ति के आदेश हो चुके हैं। इन सात नए जजों में 6 वकील कोटे से हैं, जबकि 1 न्यायिक अधिकारी हैं।ऐसा दूसरी बार होगा कि राजस्थान हाईकोर्ट में जजों की संख्या 40 से ज्यादा हो जाएगी। जिन वकीलों को जज नियुक्त किया गया है, उनमें से 4 जयपुर व 2 जोधपुर में प्रैक्टिस करते हैं।वहीं, न्यायिक अधिकारी संगीता शर्मा को भी कॉलेजियम ने जज नियुक्त किया है। हाईकोर्ट में लंबित केसों की संख्या के चलते लगातार जजों की संख्या ब?ाने की मांग उठ रही है।

**अब तक 36 जज थे, संख्या 43 तक पहुंची**

केंद्र सरकार नए जज की नियुक्ति के लिए 22 जुलाई को नोटिफिकेशन जारी किया है। इनमें संदीप तनेजा को न्यायधीश व अन्य 6 को अतिरिक्त न्यायधीश के तौर पर नियुक्ति मिली है। राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 50 है। अब तक 36 जज थे।नए 7 जज मिलने के बाद जजों की संख्या 43 हो गई है। बताया जा रहा है कि राजस्थान हाईकोर्ट में दूसरी बार जजों की संख्या 40 पार हुई है। इससे पहले जुलाई 2023 में जजों की संख्या 41 तक पहुंची थी।





**साल 2025 में सबसे ज्यादा जज मिले, दो दंपती भी**

साल 2025 में जजों की संख्या में लगातार ब?ोतरी हुई है। इनमें जनवरी में 3, मार्च में 4 जजों की नियुक्ति हुई थी। इसके बाद अब जुलाई में 7 जजों की मंजूरी हुई है। इनके साथ ही इस साल अब तक कुल 15 नए जज नियुक्त हुए हैं, जो एक ही साल में नियुक्तियों का कीर्तिमान है। इतना ही नहीं, देश में ये भी पहली बार है, जब किसी हाईकोर्ट में दो दंपती न्यायाधीश बने।

**6 लाख केस लंबित, जज की संख्या काफी कम**

जानकारी के अनुसार अप्रैल 2025 तक राजस्थान हाईकोर्ट में लंबित केसों की संख्या 6 लाख थी। यहां हर जज पर करीब 16 हजार मुकदमों का भार है। हाईकोर्ट में जजों की संख्या में बढ़ोतरी की मांग पहले भी कई बार उठ चुकी है। मार्च में जयपुर में एक कार्यक्रम में विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के सामने तत्कालीन हाईकोर्ट न्यायाधीश ने जजों की स्वीकृत संख्या में बढ़ोतरी की मांग उठाई थी।उन्होंने कहा था कि राजस्थान हाईकोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 50 से बढ़ाकर 70 की जानी चाहिए। विधि मंत्री राजस्थान से हैं। ऐसे में हमें उम्मीद है कि वे हमारी मांग पर जरूर गौर करेंगे।

## 199 करोड़ रुपये की आयकर मांग पर कांग्रेस को बड़ा झटका

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पार्टी निर्धारित तिथि तक अपना कर रिटर्न दाखिल करने में विफल रही। आयकर न्यायाधिकरण ने कर अधिकारियों के निर्णय को बरकरार रखते हुए कहा कि पार्टी को उस वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त दान पर आयकर का भुगतान करना होगा। कांग्रेस पार्टी को झटका देते हुए, आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने वर्ष 2017-18 के लिए कर मांग के खिलाफ उसकी अपील खारिज कर दी। पार्टी ने आयकर विभाग के उस नोटिस का विरोध किया था जिसमें उसे 199 करोड़ रुपये से अधिक की आय पर कर चुकाने को कहा गया था। कांग्रेस का दावा था कि यह राशि दान से आई है और इसे कर से मुक्त रखा जाना चाहिए। हालाँकि, पार्टी निर्धारित तिथि तक अपना कर रिटर्न दाखिल करने में विफल रही। आयकर न्यायाधिकरण ने कर अधिकारियों के निर्णय को बरकरार रखते हुए कहा कि पार्टी को उस वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त दान पर आयकर का भुगतान करना होगा।



कांग्रेस पार्टी ने 2 फ़रवरी, 2019 को अपना आयकर दाखिल किया और आयकर अधिनियम की धारा 13ए के तहत 199.15 करोड़ रुपये की छूट का दावा करने के बाद शून्य आय घोषित की। हालाँकि, यह आयकर धारा 139 के तहत निर्धारित निर्धारण वर्ष 2018-19 के लिए 31 दिसंबर, 2018 की विस्तारित नियत तिथि के बाद दाखिल किया गया था। सितंबर 2019 में जाँच के दौरान, निर्धारण अधिकारी ने पाया कि पार्टी ने प्रति दानदाता 2,000 रुपये से अधिक 14.49 लाख रुपये नकद दान स्वीकार किए थे, जो धारा 13ए(डी) का उल्लंघन करता है, जिसके अनुसार वित्त अधिनियम 2017 में संशोधन के बाद ऐसे सभी दान बैंकिंग माध्यमों से प्राप्त किए जाने चाहिए।








## जयपुर में सीएम भजनलाल से मिले एक्टर कार्तिक आर्यन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने मंगलवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके निवास पर मुलाकात की। जयपुर में करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही आगामी फिल्म 'तू मेरी, मैं तेरा' की शूटिंग के सिलसिले में आए कार्तिक ने सीएम से शूटिंग को लेकर अपने अनुभव साझा किए। साथ ही राजस्थान की कला-संस्कृति, हवेलियों और मानसून के मौसम की भी तारीफ की।उन्होंने बताया- फिल्म का दूसरा शेड्यूल नवलगढ़ (झुंझुनूं) में शूट हुआ, जबकि अब शूटिंग का अगला हिस्सा जयपुर में चल रहा है। कार्तिक ने जयपुर में आयोजित हुए आईफा अवॉर्ड्स के सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन को होस्ट किया था, जिसके एक्सपीरियंस भी उन्होंने सीएम से शेयर किए।बता दें कि कार्तिक जयपुर के रामबाग पैलेस होटल में ठहरे हुए हैं। हालही में उन्होंने होटल में अपने रूम का वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें उन्होंने रूम के बाहर गार्डन में मोर को नाचते हुए दिखाया था और लिखा था कि रोज सुबह का यह नजारा खास है। कार्तिक ने नवलगढ़ से जयपुर तक की ड्राइव और रास्ते के सुंदर दृश्यों को सोशल मीडिया पर साझा किया था। इस दौरान वह बारिश, हरियाली और राजस्थानी विरासत का आनंद लेते नजर आए। कार्तिक के साथ फिल्म के निर्माता करण जौहर भी जयपुर आए हुए हैं इस फिल्म में कार्तिक के साथ अनन्या पांडे मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। दोनों कलाकारों की ऑन-स्क्रीन जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को रोमांस और कॉमेडी से भरपूर कहानी में नजर आएगी।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## पाताली हनुमान मंदिर में भागवत कथा आज से

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** शहर के मुख्य डाकघर के समीप स्थित पाताली हनुमान मंदिर में आज से भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। महंत शैलेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि भागवत कथा के उपलक्ष्य में आज सुबह 9 बजे मंदिर परिसर से बैंड बाजों के साथ कलशयात्रा निकलेगी। भागवताचार्य डॉ. कृष्ण व्यास पाठक कथा का वाचन करेंगे। भागवत कथा में प्रतिदिन सजीव झांकी भी सजाई जाएगी। 30 जुलाई को कथा का समापन होगा।

## उदयपुर जिला अग्रवाल महासभा की कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** अग्रवाल महासभा की बैठक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में आज एक निजी होटल में



आयोजित की गई। बैठक में उदयपुर जिला अग्रवाल महासभा का गठन किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष के रूप में सतीश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री नरेश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनवारी लाल अग्रवाल एवं अरविंद अग्रवाल मनोनीत किए गए,साथ कार्यकारणी में 21 अग्र बंधुओं को शामिल किया गया। बैठक में प्रमुख समाज सेवी एवं लश्करी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल एवं प्रवासी अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष खेमचंद अग्रवाल भी मौजूद थे। बैठक में अग्रवाल समाज के बारे में चिंतन किया गया। सभी से मिलजुल कर समाज हित में कार्य करने का आग्रह किया गया। सभी नव नियुक्त कार्यकारणी का स्वागत अभिनंदन किया गया। संरक्षक के रूप में सत्यनारायण अग्रवाल एवं ओमप्रकाश अग्रवाल को शामिल किया गया। लिया गया। संचालन एवं धन्यवाद नरेश अग्रवाल किया गया। प्रारम्भ भगवान अग्रसेन महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया।

## नगर परिषद द्वारा तालेड़ी नदी की सफाई का कार्य प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** बीते दिनों हुई अतिवृष्टि के कारण तालेड़ी नदी के आसपास की कॉलोनियों एवं खेतों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसको देखते हुए जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा द्वारा तालेड़ी नदी में अवरोध



हटाकर गहराई बढ़ाने हेतु निर्देश प्रदान किए गए। इन निर्देशों की पालना में नगर परिषद राजसमंद ने सफाई एवं खुदाई अभियान का शुभारंभ किया।आयुक्त बृजेश राय ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत टीवीएस चौराहे से की गई, जहां पोकलेन मशीन, बेकहो लोडर तथा चार ट्रैक्टरों की मदद से नदी में जमा अवरोधों को हटाने और गहराई बढ़ाने का कार्य किया गया। इस मौके पर नगर परिषद सभापति श्री अशोक टांक, अधिशाषी अभियंता श्री तरुण कुमार बायती, सहायक अभियंता श्री नंदलाल सुथार एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक श्री गिरीराज गर्ग उपस्थित रहे।साफ–सफाई एवं गहराई बढ़ाने के इस प्रयास से तालेड़ी नदी के आसपास की कॉलोनियों व खेतों में जमा पानी का स्तर कम होने लगा है, जिससे स्थानीय निवासियों को राहत मिली है। नगर परिषद द्वारा यह कार्य आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

## नई मंडी थाना पुलिस ने 22 ग्राम स्मैक के साथ पति-पत्नी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( नि.स. )।** नई मंडी थाना पुलिस ने ऑपरेशन स्मैक आउट के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस



ने महवा के पुरानी तहसील क्षेत्र से एक दंपती को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों में लक्ष्मीनारायण उर्फ लच्छो और उसकी पत्नी दीपा शामिल हैं। इनके कब्जे से 22 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।सब–इंस्पेक्टर सोहन सिंह ने बताया– उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक दंपती स्मैक की सप्लाई के इरादे से क्षेत्र में आया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन के पास एक सफेद कार में सवार संदिग्धों को रोका। तलाशी के दौरान कार से स्मैक बरामद हुई।पुलिस ने कार को भी जब्त कियापुलिस ने आरोपी दंपती को मौके पर ही गिरफ्तार कर कार को भी ज़ब्त कर लिया है। अब दोनों से मादक पदार्थों की खरीद–फरोख्त और नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में सब–इंस्पेक्टर सोहन सिंह के साथ हेड कॉन्स्टेबल रामवीर सिंह, इंद्र कुमार, हरिओम, महिला कॉन्स्टेबल सरोज और योगेश भी शामिल रहे।

## आरएसआरडीसी के अधिकारियों ने सीसी सड़क का निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ आरएसआरडीसी के अधिकारियों ने मंगलवार को सड़क ठेकेदार के साथ चौमहला से कुंडला तक बनी सीसी सड़क का निरीक्षण किया वही चौमहला कस्बे के मुख्य कुंडला रोड पर पानी की निकासी नालिया नहीं होने से लोगो को हो रही समस्या को मौके पर देखा,आरएसआरडीसी के परियोजना निर्देशक ललित मेघवाल ने सड़क ठेकेदार के साथ चौमहला से कुंडला तक की सड़क का निरीक्षण किया उन्होंने चौमहला कस्बे के पशु चिकित्सालय के सामने बनी नाली पर लगी जाली को देखा साथ ही सिटी पेलेस के सामने क्षतिग्रस्त सड़क क्रॉस कर बनी नाली को भी देखा,पशु चिकित्सालय के सामने सड़क क्रॉस कर बनी नाली पर हाल ही बनी लोहे की जाली टेडी होने पर उसे संबंधित ठेकेदार को सही करवाने को कहा, पशु चिकित्सालय के सामने यह गड्ढा जानलेवा हो रहा था आरएसआरडीसी के परियोजना निर्देशक ललित मेघवाल ने बताया कि सिटी पेलेस के सामने बनी नाली को सही करवा कर जालियां लगाई जाएगी,यहां बरसात में पानी भरने समस्या पर उन्होंने बताया सड़क के दोनों ओर नालिया बनाने का प्रस्ताव बना कर भिजवाया जाएगा। जब सड़क बनी तभी दोनों ओर नालिया बन जानी चाहिए थी ।

# कृषि एवं उद्यानिकी से जुड़ी हर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो -कलक्टर

### केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से कोई कृषक न रहे वंचित-कलक्टर, .जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में विभिन्न समितियों की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में कृषि एवं उद्यानिकी की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय कृषि समिति, जिला उद्यानिकी विकास समिति, आत्मा शाषी परिषद, जिला स्तरीय निगरानी समिति (फसल बीमा), उर्वरक नियंत्रण समिति, तिलहन मिशन एवं तिलहन क्रियान्वयन समिति के अंतर्गत प्रगति और योजनाओं की समीक्षा की गई।बैठक में जिले में कृषि विभाग के स्वीकृत एवं रिक्त पदों की स्थिति, सिंचाई पाइपलाइन योजना की प्रगति, खरीफ मिनिकिट वितरण (2025–26), अनुदानित कृषि यंत्र योजना, फार्म पॉण्ड, तारबंदी योजना की प्रगति सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। कृषि संकाय में अध्ययनरत छात्राओं को दी जा रही प्रोत्साहन राशि, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स–ऑयल सीड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले में की जा रही कार्रवाई पर भी चर्चा हुई।इसी क्रम में जिला उद्यानिकी विकास समिति की बैठक में जिले के उद्यानिकी परिदृश्य की प्रस्तुति दी गई। उद्यान विभाग में स्वीकृत पदों की जानकारी, 'प्रति बूंद अधिक फसल' (पीडीएमसी) योजना, राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन, फल एवं सब्जियों की मूल्य श्रृंखला विकास, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग से स्वीकृत गतिविधियाँ तथा 'पंच गौरव' के तहत 'एक जिला एक उपज' योजना में सीताफल उत्पादन को लेकर प्रस्तावित गतिविधियों की समीक्षा की गई। आत्मायोजनांतर्गत कैफेटेरिया वाइस इस वर्ष की प्रगति की समीक्षा की गई। अध्यक्ष महोदय द्वारा माह दिसंबर तक सभी कैफेटेरिया में कैलेंडर निर्धारित कर प्रगति अर्जित करने हेतु निर्देशित किया गया।

कलक्टर ने इस दौरान सभागार में किसानों से संवाद भी किया और उनकी समस्याओं को सुना। कलक्टर ने कहा कि अधिकारी रात्रि चौपाल में भी किसानों के हितों से जुड़ी योजनाओं का प्रचार प्रसार करें ताकि आमजन समुचित ढंग से लाभान्वित हो सकें। इस दौरान संयुक्त निदेशक बी एस राठौड़, उप निदेशक (उद्यानिकी) कल्प वर्मा, उप निदेशक संतोष दूरिया, एलडीएम प्रेम शंकर जीनगर, कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी पी सी रैगर, डीपीएम राजीविका डॉ सुमन अजमेरा,कृषि विभाग के सहायक निदेशक ,कृषि अधिकारी,अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी रिलायंस जनरल इंशोरेंस कम्पनी के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम विकास अधिकारी संघ की पहलः केलवा स्थित गौशाला परिसर में 1051 पौधे लगाए

### विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने पहल को सराहा, कर्मियों को किया प्रोत्साहित

बढ़ता राजस्थान



राजसमंद (सुरेश बागोरा)। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहल करते हुए ग्राम विकास अधिकारी संघ द्वारा केलवा क्षेत्र स्थित श्री नवल श्याम कृष्ण गौशाला परिसर की 20 बीघा चारागाह भूमि पर 1051 पौधों का सामूहिक पौधारोपण किया गया। इस महत्त्वपूर्ण पहल में विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी की प्रेरणादायी उपस्थिति रही, जिससे सभी प्रतिभागी कर्मचारियों एवं ग्रामीणों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बृजमोहन बैरवा के नेतृत्व में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा निरंतर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नवाचार किए जा रहे हैं। हाल ही में मोही में भी जिला परिषद के कार्मिकों द्वारा अपने खर्च पर पौधारोपण कर वृक्ष कुंज तैयार किया गया था। ग्राम विकास अधिकारी संघ, राजसमंद के जिला अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह राठौड़ ने बताया कि यह संपूर्ण पौधरोपण संघ के श्रमिकों द्वारा अपने निजी खर्च से किया गया, जिसमें पीपल, नीम, गुलमोहर, अशोक, कणज, जंगल जलेबी जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी एवं छायादार पौधों का चयन किया गया। केवल रोपण तक सीमित न रहकर सभी कार्मिकों ने उनके दीर्घकालीन संरक्षण एवं संवर्धन का भी संकल्प लिया है, जो इस अभियान की विशेषता बनती है।पौधारोपण के उपरांत आयोजित स्वागत समारोह में विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने संघ की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि हम केवल प्रकृति से लेते नहीं, अपितु उसे लौटाना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्राम विकास अधिकारियों ने यह उदाहरण प्रस्तुत किया है कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि व्यक्तिगत संकल्प और समर्पण से जुड़ा हुआ विषय है। यह प्रयास प्रदेशभर के पंचायतीराज कार्मिकों को प्रेरणा देगा।इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ब्रजमोहन बैरवा ने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में जागरूकता का माध्यम बनते हैं। जब पंचायत स्तर पर पर्यावरण को लेकर प्रतिबद्धता दिखाई देती है, तो उसका व्यापक प्रभाव ग्रामीण जीवन, पशुधन और जलवायु संतुलन पर पड़ता है।कार्यक्रम में पंचायत समिति के प्रधान श्री अरविंद सिंह राठौड़, समाजसेवी श्री हरि सिंह राठौड़, अधिशासी अभियंता श्री भवानी शंकर रेगर, अधिशासी अभियंता श्री राधेश्याम जाट, श्री करणवीर सिंह राठौड़, श्री तनसुख नरेंद्र बोहरा, गौशाला अध्यक्ष श्री रामनारायण पालीवाल, श्री महेंद्र कोठारी, श्री हिम्मत सिंह राठौड़, श्री मुकेश जोशी, श्री पर्वत सिंह, पूर्व प्रधान श्री भरत पालीवाल, श्री पुष्पकांत भंडारी सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीण जन तथा सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगर परिषद के ऑटो टीपर चालकों को 7 माह से वेतन नहीं मिलने से क़ी हड़ताल

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** नगर परिषद के ओटो टीपर चालको का 7 माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज चालकों नेमगंलवार को सुबह नगर परिषद मे प्रर्दशन कर अनिश्चित काल के लिये सफाई कार्य का



बहिष्कार किया।गोविंद सिंह, सतीश चंद नरेन्द्र आदि आदि ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि 7 माह से नगर परिषद के घर,घर कचरा संग्रहण के.लिये संचालित 11ओटो टीपर चालकों को 7 माह से वेतन नही मिल रहा हैं।इसके चलते सभी को आर्थिक तंगी से परेशान है।बच्चों की स्कूल फीस भी जमा नहीं करा पा रहे है।कई बार सभी ओटो टीपर चालकों ने सभापति एवं आयुक्त से बकाया वेतन की मांग की। लेकिन अभी तक ओटो.टीपर चालकों को वेतन नही दिया हैं।आर्थिक तंगी से परेशान कर नगर परिषद के सभी ओटो टीपर चालकों ने मगंलवार को सफाई का बहिष्कार कर अपने वाहनों को खडा कर दिया।वेतन की मांग को लेकर नगर परिषद मे प्रर्दशन कर अनिश्चित काल के लिये सफाई कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया जबतक वेतन नहीं मिलेगा तबतक घर,घर,कचरा संग्रहण सफाई का बहिष्कार जारी रहेगा।हड़ताल करने वाले जितेंद्र गोविंद,सतीश,नरेंद्र प्रकाश, लक्ष्मण सिंह, योगेश उमेंद्र विकास सहित सभी ओटो टीपर डचालक मौजूद रहे।इनका कहना हैएसडीएम व आयुक्त हेमराज गुर्जर ने बताया कि डीएलबी से बजट राशि आने पर शीर्घ ओटो टीपर चालकों का भुगतान कर दिया जायेगा।पूर्व मे भी इनको भुगतान कर दिया।शेष राशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

## ठाकुरजी को झुलाया झूलें में



बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। सावन मास के अवसर पर दिल्ली गेट मंडी स्थित श्री मुरली मनोहर मंदिर कुमावत समाज द्वारा ठाकुर जी का झूला सजाया गया। इस अवसर पर जिसमें भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने ठाकुर जी को झूला झुलाया और प्रसाद का आनंद लिया।

## लोकप्रिय बनने के लिए अपना दिल बड़ा करना पड़ताःविरलप्रभाश्री

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में साध्वी विरल प्रभा श्रीजी ने कहा कि सम्यक दृष्टि और मिथ्या दृष्टि दोनों में गुण की प्राप्ति होती है। एक में सकारात्मक तो दूसरे में नकारात्मक। लोकप्रियता सबको चाहिए। लोकप्रिय बननें के लिए अपना दिल बड़ा करना पड़ेगा। ऐसी आत्मा ने लोकप्रिय बनने के लिए कुछ ऐसे गुण अपनाएं जिससे वो सम्यक दृष्टि भाव में आया। सम्यकत्व की ओर बढ़ाया हुआ कदम ही व्यक्ति को परमात्मा की ओर ले जाता है। सम्यक दृष्टि वाला जीव जितना चाहिए उसी में संतुष्ट रहेगा। जबरन सबको परेशान नाही करेगा।

साध्वी श्री ने कहा कि घर में रहकर आत्मा को कैसे सुधार सकते हैं, यह सम्यक दृष्टि से आता है। मन में तो क्रोध, मोह, मान, माया लोभ है फिर अंदर कैसे विचरण करोगे। मन में लोभ है तो अंदर से ही सैफ करना होगा। बाहर दिखाने से क्या होगा! अंदर कचरा है तो अंदर से ही निकालना होगा, बाहर से सफाई करने से नही निकलेगा। सम्यकत्व और मिथ्यात्व दोनों ही अंदर है जब तक मिथ्यात्व बाहर नही निकालेंगे तब तक सम्यकत्व का जागरण नही होगा। परमात्मा की भाषा में धनवान और गरीब की भाषा अलग है और अपनी भाषा में अलग। मन में किसी के प्रति दुर्विचार भी आया मतलब कषाय पाल लिया।साध्वी विपुल प्रभा श्रीजी ने कहा कि जब तक कषाय मन में भरे रहेंगे तब तक मिथ्यात्व से सम्यकत्व की ओर आ ही नही सकेंगे। आपके यहाँ कोई आया तो मेहमान नवाजी की लेकिन जब आप उसके घर गए और उसने कुछ नही पूछा तो मन में जो विचार आया वह कषाय है। मन को सीधा नॉर्मल रखो। साध्वी कृतार्थ प्रभा श्रीजी ने गीत प्रस्तुत किया।

# भीम आर्मी भारत एकता मिशन का 10 वां स्थापना दिवस व जिलाध्यक्ष विकास आल्हा का जन्मदिन समारोह जय पहाड़ी पर आयोजित

### बुद्ध विहार में भव्य कार्यक्रम, झुंझुनूं जिले से राष्ट्रीय अधिवेशन हेतु 20,000 का सहयोग

बढ़ता राजस्थान




झुंझुनूं,(नि.स.)। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के 10वें स्थापना दिवस एवं जिलाध्यक्ष विकास आल्हा के जन्मदिन के अवसर पर बुद्ध विहार, जय पहाड़ी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत तथागत बुद्ध व संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। इसके बाद बच्चों द्वारा बुद्ध वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने की, जबकि

मुख्य अतिथि रहे प्रदेश महासचिव रघुवीर सिंह जोसवाल।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच बनवारी गोठवाल (कासिमपुरा),

और अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त डिप्टी निरंजन प्रसाद आल्हा व दिव्या वाल्मीकि (चूरू) उपस्थित रहे। कार्यक्रम भंते विनयपाल के सान्निध्य में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि रघुवीर सिंह जोसवाल बताया कि भीम आर्मी संस्थापक नगीना सांसद चंद्रशेखर आज़ाद की दूरदर्शी सोच से गठित भीम आर्मी, बहुजन समाज के हितों की रक्षा करने वाला संगठन है, जो गांव के अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति के हक और हुकूमत की आवाज बुलंद करता है।

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में आज भी बहुजन समाज पर अन्याय हो रहे हैं, जिनकी रक्षा के लिए भीम आर्मी पूरी तरह सतर्क है।

अतिथि दिव्या वाल्मीकि व अपेक्षा बोयल बताया कि समाज में फैली अंधविश्वास और पाखंडवाद को मिटाने व शिक्षा के प्रति जागृति करने कि बात कहीं व बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों पर प्रकाश डाला संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विकास आल्हा जन्मदिन बौद्ध रीति रिवाज से बनाया गया सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

सतवीर बरवड़ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जानकारी दी कि झुंझुनूं जिले से राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए 20,000 की आर्थिक सहायता दी गई है।

जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने संगठन की भूमिका, उद्देश्य और सामाजिक बदलाव में इसकी सक्रियता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. चेतराम लिखवा (पिलानी तहसील अध्यक्ष) ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को मिठाई वितरित की गई।

**ये लोग रहें उपस्थित**

सतवीर सिंह बरवड़ (पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष), रामप्रताप बरवड़,डॉ. राजेंद्र मेहरिया, आशाराम आल्हा, दुर्गा प्रसाद बोयल, नरेश सैनी (जिला उपाध्यक्ष), विकास मेघवाल, अजय मावर ,दिनेश बरवड़, रवि चंदेलिया (जिला मंत्री), मनोज बोयल (सहसचिव), शिव रतन चंदेलिया, विशाल आल्हा, राहुल आल्हा, पंकज बौद्ध, विक्रम इंडाली,जगदीश,नरेंद्र कुमार,योगेश टंडन तहसील अध्यक्ष, आश्चर्य कुमार, दिनेश तंवर, सुनिल सिरोवा, विनोद कासनी,एडवोकेट ओमप्रकाश , एडवोकेट राकेश सबल, एडवोकेट बजरंग, एडवोकेट विजय गुरुवा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हो सुनिश्चित

**जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने राजस्व अधिकारियों को दिये निर्देश, मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में की लंबित प्रकरणों की समीक्षा**

बढ़ता राजस्थान




जयपुर (का.स.)। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर ने कुर्रेजात, सीमाज्ञान, नामांतरण, पत्थरगढ़ी एवं भू-रूपांतरण सहित अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को नियमित रूप से न्यायालय में सुनवाई करने, बार और बैंच के बीच सहयोग एवं समन्वय स्थापित करते हुए लंबे समय से राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की मिशन मोड पर सुनवाई करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला कलक्टर ने कई राजस्व अधिकारियों को प्रदर्शन और बेहतर करने एवं लंबित राजस्व वादों में कमी लाने के लिए सुझाव साझा करने का अवसर प्रदान किया।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने हाल ही आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबंल शिविरों में प्रदर्शन की उपखण्डवार समीक्षा भी की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान, नरेगा आखर, पंच गौरव प्रोत्साहन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही जिला कलक्टर ने अग्रणी जिला बैंक द्वारा जिले में आयोजित की जा रही जन सुरक्षा योजनाओं के लिए संतृप्ति ड्राइव के तहत अधिक से अधिक आमजन को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, एवं अटल पेंशन योजना से जोड़ने के प्रेरित करने के निर्देश दिये।

बैठक कलक्टर ने अधिकारियों को पेंशन संबंधित प्रकरणों का भी निस्तारण के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। साथ ही, रात्रि चौपाल एवं दौरों का विवरण संपर्क पोर्टल पर अपलोड करने के साथ-साथ राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण कर आमजन को राहत देने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को अपने क्षेत्र में नियमित निरीक्षण करने एवं रात्रि चौपाल के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर ही जनसुनवाई कर अभाव अभियोगों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) देवेन्द्र कुमार जैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) संतोष कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दूदू) गोपाल परिहार सहित जयपुर जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## .विपिन मर्डर केस पर जामडोली में तनाव गैंगवार, बेरोजगारी और बिगड़ती कानून व्यवस्था पर जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द ने जताई चिंता

### मुहम्मद नाज़िमुद्दीन बोले प्रदेश में बढ़ रही गुंडागर्दी, सरकार चेत जाए

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जामडोली में युवक विपिन की हत्या के बाद इलाके में तनाव फैल गया है। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मुहम्मद नाज़िमुद्दीन ने कहा कि लगातार हो रही हत्याएं और कानून व्यवस्था में लापरवाही से आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

**तोड़फोड़ और माहौल बिगाड़ने की कोशिश**

नाज़िमुद्दीन ने कहा कि हत्या की आड़ में कुछ असामाजिक तत्व आगरा रोड पर तोड़फोड़ कर माहौल को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, जो बेहद चिंता का विषय है।

**प्रशासन से की ये 3 मांगें**

-विपिन हत्याकांड की निष्पक्ष जांच,दोषियों को कड़ी सज़ा, जामडोली और आगरा रोड पर उपद्रव की रोकथाम

**-गैंग एक्टिव, आमजन में डर का माहौल**

उन्होंने कहा कि जयपुर और आसपास के इलाकों में गैंग सक्रिय हो गए हैं, जो दिनदहाड़े धमकी, हथियारों का प्रदर्शन और हिंसा फैला रहे हैं।

**बेरोज़गारी, नशा और ग़लत संगत से बिगड़ रहे युवा**

नाज़िमुद्दीन ने कहा कि बेरोज़गारी और नशे के चलते कई युवा अपराध की राह पर हैं। यदि समय रहते इन्हें रोका नहीं गया, तो प्रदेश का सामाजिक माहौल बिगड़ सकता है। प्रशासन को चेताया कानून व्यवस्था सुधारें, नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता हो।

# राष्ट्रीय आदिम जनजाति सेवा विकास परियोजना के अधिकारियों का सम्मेलन आयोजित

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। राजधानी जयपुर के खिरनी फाटक रोड स्थित लक्ष्य प्लाजा में शुरू किए गए राष्ट्रीय आदिम जनजाति सेवा विकास परियोजना के मुख्य क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान जयपुर में प्रदेशभर के नव चयनित अधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें राजस्थान के विभिन्न जिलों, ब्लॉकों, तहसीलों, पंचायतों में संचालित कार्यों के लिए नव चयनित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय आदिम जनजाति सेवा विकास परियोजना के मुख्य संस्थापक सह प्रबंध निदेशक एतवारी मालतो ने बताया कि राष्ट्रीय आदिम जनजाति सेवा विकास परियोजना भारतीय नीति आयोग नई दिल्ली द्वारा समस्त लोक कल्याणकारी सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार और राजस्थान सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के लिए अधिकृत है। माल्तो ने बताया कि राष्ट्रीय आदिम जनजाति सेवा विकास परियोजना के तहत राजस्थान के सम्पूर्ण जिलों में आदिम जनजाति, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति सहित अन्य पिछड़ा वर्गों के क्षेत्रों में ग्रामीण स्तर पर जन कल्याण विकास, मानव भलाई, शिक्षा की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थय की व्यवस्था, कृषि कार्य विकास करना, गरीबी उन्मूल्न, आजीविका का विकास करना, कौशल विकास एवं उत्पादित वस्तुओं, हस्तकला, शिल्पकला, कताई, बुनाई, सिलाई, कढ़ाई का प्रशिक्षण की व्यवस्था करना, जीविका का विकास करना, कौशल विकास एवं ग्रामीण स्तर पर मनरेगा योजना के अन्तर्गत श्रमिकों को जागरूक करना। ग्रामीण जन कल्याण के लिए सर्वे एवं प्रचार प्रसार करना एवं परियोजना सेवा कार्ड वितरित करना, पशुपालन रोजगार योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए लाभार्थियों का चयन करना इत्यादि कार्य शामिल है। मालतो ने बताया कि राजस्थान भर से नव चयनित पदाधिकारियों में विक्टर लोयल (कार्यपाल आदेशपाल सह-सूचना प्रबंधक अधिकारी), असीम कुमार दास (राज्य मुख्य कार्यपालक अधिकारी), आभा डिक्सन लोयल (राज्य मुख्य कार्यपालक सहायक अधिकारी), एन्थोनी मैसी (कार्यालय परियोजना सलाहकार कार्यक्रम अधिकारी), मोहिता किडर (राज्य महिला विकास समिति प्रबंधक कार्यक्रम अधिकारी), इम्मानुवेल मैसी (राज्य पशुपालन रोजगार प्रबंधक कार्यक्रम अधिकारी), प्रेम शीला (राज्य महिला विकास समिति सहायक अधिकारी), श्वेता जेसवीन एडवर्ड (परियोजना आदेशपाल सहायक कार्यक्रम अधिकारी), यशवन्त पँवार (राज्य कार्यक्रम प्रबंधक सहायक अधिकारी), अमरेन्द्र कुमार भारती (राज्य परियोजना कार्यक्रम प्रबंधक अधिकारी), अध्यन सिंह (राज्य कृषि प्रबंधक कार्यक्रम सहायक अधिकारी), अजय सबल (मुख्य निरीक्षक अधिकारी), जिला सहायक कार्यक्रम अधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कोटपुतली हाईवे पर मौत को दावतः तेज़ रफ्तार ट्रैफिक के बीच धड़ल्ले से रोकी जा रही बसें,कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )** । नेशनल हाईवे पर कोटपुतली के पास एक बेहद गंभीर और जानलेवा लापरवाही ने आमजन की सुरक्षा को खुलेआम ठेंगा दिखा दिया है। रोडवेज और प्राइवेट बसें बेलगाम होकर हाईवे के बीचों-बीच यात्रियों को चढ़ा और उतार रही हैं, मानो नियमों और सुरक्षा का कोई अस्तित्व ही न हो।यह खतरनाक चलन अब रोजमर्रा की बात बन चुका है, जिससे हर पल जानमाल के बड़े नुकसान की आशंका बनी हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय निवासियों के अनुसार, हाईवे पर दौड़ते भारी ट्रक और तेज़ रफ्तार वाहन इन बसों की अचानक रुकावट के कारण कभी भी किसी बड़े हादसे का शिकार हो सकते हैं। हादसा नहीं हुआ, यह सिर्फ किस्मत की बात है — वरना हालात चीख-चीखकर बता रहे हैं कि खतरा सिर पर मंडरा रहा है।

**यातायात नियमों की खुली धज्जियाँ**

बस संचालक यात्रियों की सुविधा के नाम पर नियमों को ताक पर रखकर हाईवे के बीचोबीच बसें खड़ी कर देते हैं। न ट्रैफिक की परवाह, न आने-जाने वालों की सुरक्षा की चिंता। पीछे से आने वाले वाहन चालकों को अचानक रुकती बसें भारी खतरे में डाल रही हैं। नतीजा — ट्रैफिक में अव्यवस्था, दुर्घटनाओं का खतरा और लोगों में गुस्सा।

**प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल**

स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन से बार-बार गुहार लगाई है,कोटपूतली शहर में बस डिपो भी नहीं है।लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही आंखें खुलेंगी?

**जनता का सवाल है कब जागेगा प्रशासन? स्पष्ट मांग**

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने एक सुर में मांग की है कि प्रशासन तुरंत सख्त कदम उठाए। हाईवे पर बेतरतीब ढंग से रुकने वाली बसों पर जुर्माना और कार्रवाई की जाए। बसों को निर्धारित स्टॉप से ही संचालन की सख्त हिदायत दी जाए, और उसके उल्लंघन पर लाइसेंस रद्द करने जैसे कठोर निर्णय लिए जाएं।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में सृजन सांस्कृतिक रंग कला मंच की स्थापना

### तनावमुक्त वातावरण, रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास हेतु नई पहल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में डॉक्टर्स, छात्र-छात्राओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनावमुक्त रखने, रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने तथा नवाचार एवं सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सृजन सांस्कृतिक रंग कला मंच की स्थापना की गई है।इस क्लब का शुभारंभ संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा सांस्कृतिक गतिविधियाँ किसी भी संस्थान के वातावरण को सकारात्मक और सृजनात्मक बनाती हैं। यह मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों और स्टाफ के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। यह क्लब न केवल कला और संस्कृति को मंच देगा, बल्कि संस्थान के कार्य वातावरण को भी आनंदमय बनाएगा।इस अवसर पर संस्थान में कल्चरल कमेटी की अध्यक्ष डॉ. सुमन शर्मा ने सृजन सांस्कृतिक रंग कला मंच द्वारा प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा - सांस्कृतिक क्लब का उद्देश्य संस्थान के विद्यार्थियों और कर्मचारियों की छिपी रचनात्मक प्रतिभाओं को उजागर करना है। वर्षभर क्लब के अंतर्गत नृत्य, संगीत एवं विभिन्न संगीत इंस्ट्रुमेंट को सीखने के साथ इस मंच के माध्यम से अन्य कलाओं को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। यह मंच सभी को अपनी रुचियों और कलात्मक क्षमताओं को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर निशा ओझा, संयुक्त निदेशक जयप्रकाश शर्मा, कल्चरल कमेटी के सभी सदस्य, चिकित्सक, शिक्षक, अधिकारी, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला पोषण अभिसरण योजना समिति की बैठक का आयोजन

### बच्चों के समग्र विकास हेतु समन्वय व संवेदनशीलता से कार्य करें- ओमप्रकाश सहारण

बढ़ता राजस्थान



कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला पोषण अभिसरण योजना समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास हेतु संबंधित विभाग समन्वय व संवेदनशीलता से कार्य करें. उन्होंने पोषाहार की गुणवत्ता की नियमित जांच करने, भंडारण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही पीएचईडी विभाग को आंगनबाडियों में नल कनेक्शन उपलब्ध करवाने को कहा. इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम से दी जा रही सेवाओं एवं अन्य विभागो के साथ अभिसरण पर चर्चा कर सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।आंगनाबडी केन्द्रों पर शौचालय, पेयजल, विधुत कनैक्शन जैसी आधारभूत सुविधायें सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देश प्रदान किये गये साथ ही आंगनबाडी केन्द्रों पर पूरक पोषाहार की आपूर्ति एवं वितरण, बच्चों की वृद्धि निगरानी, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, शाला पूर्व शिक्षा एवं प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग बढाने एवं गर्भवती महिलाओं के समय पर ममता कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग सतपाल यादव, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, आरसीएचओ अरविन्द अग्रवाल, सहायक निदेशिक कृषि विभाग रामजीलाल यादव, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा प्रकाश चन्द मीणा सहित जिले के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय सहकारी बैंक प्रबंधक निदेशक ने प्रागपुरा सहकारी समिति का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** केन्द्रीय सहकारी बैंक प्रबंधक निदेशक दिनेश शर्मा ने मंगलवार को प्रागपुरा थाने स्थित ग्राम सेवा सहकारी समिति का दौरा कर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति के कार्यों और आय-व्यय की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम सहकारी समिति चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने समिति कार्यों की गतिविधियों से अवगत करवाते हुए बैंक प्रबंधक निदेशक दिनेश शर्मा से आय व्यय सम्बन्धित चर्चा की। बैंक प्रबंधक निदेशक दिनेश शर्मा का जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर बैंक प्रबंधक निदेशक दिनेश शर्मा ने कहा कि ग्राम सेवा सहकारी समिति की भूमिका ग्रामीण क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण है और हमें समिति के कार्यों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए काम करना होगा। उन्होंने समिति के सदस्यों को बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की।

## बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने किया ब्लॉक स्तरीय टीम का गठन

### टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण, विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की, निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले कार्मिकों को जारी किया नोटिस




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )** । बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा गठित ब्लॉक स्तरीय टीम द्वारा मंगलवार को खण्ड के विभिन्न पीएचसी, सीएचसी व उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर निरीक्षण किया गया। राष्ट्रीय क्षय रोग, हरियालां राजस्थान एवं मौसमी बीमारियों के नियंत्रण हेतु लक्ष्यों को अर्जित करने के उद्धेष्य से राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं परिवार कल्याण के कार्यक्रमो की समीक्षा हेतु सीएचसी नारेहडा, पीएचसी कल्याणपुरा कला, षुकलावास एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र जगदीषपुरा, सुन्दरपुरा, बनका, फतेहपुरा, पूतली, कांसली, मोहनपुरा, कुजोता एवं खडब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुरा पर कार्यरत एएनएम सुनिता सैनी, सुन्दरपुरा पर कार्यरत एएनएम सुमन, बनका पर कार्यरत एएनएम मन्जु यादव एवं सीएचओ सर्वेष एवं फतेहपुरा पर कार्यरत एएनएम इन्दु कुमारी बिना सूचना के अनुपस्थित मिलें, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेष दिये गये। उप स्वास्थ्य केन्द्र पूतली, कांसली, मोहनुपरा, सरूण्ड एवं पीएचसी कल्याणपुरा कला एवं सीएचसी नारेहडा में निरीक्षण के दौरान लक्ष्यों से कम ब्लड सलाईड पायी गयी। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही लक्ष्यों के अनुसार बुखार के रोगियों की ब्लड स्लाईड बनाने, एन्टीलार्वा गतिविधि करने के निर्देष दिये गये।

## श्रावण मास में पहले प्रदोष को महासहस्त्र घटाभिषेक हनुमान नगर में किया

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** निवाई शहर के हनुमान नगर में अभय दाता हनुमान मंदिर में चल रहे श्रावण मास सहस्त्र घटाभिषेक का मंगलवार को 12 वां दिन था।

मंदिर के अंदर श्रावण मास कृष्ण पक्ष के प्रदोष को शिव का रुद्राभिषेक सवा लाख मंत्रो से किया गया। साथ ही महामृत्युंजय के जाप किए गए।

मंदिर संरक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा (संगम स्टूडियो) ने बताया कि मंदिर के अंदर संपूर्ण श्रावण मास के 30 दिन सहस्त्र घटाभिषेक किया जा रहा है इसके लिए प्रत्येक दिन यजमान अलग-अलग होता है।

आचार्य रूद्रपाठी पं रमेश दाधीच (बगड़ी वाले) ने बताया कि मंदिर के अंदर प्रदोष के दिन हनुमान नगर के सभी भक्तों ने मिलकर शिव अर्चना की एवं भोलेनाथ की विशेष अर्चना के साथ अलौकिक श्रृंगार एवं रात्रि सत्संग कार्य किया गया। राजू झिलाई ने शिव शंकर डमरू वाले जैसे भजनों से पूरा वातावरण संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई उसके पश्चात अर्धरात्रि तक सत्संग चालू रहा।आज का विशेष महासहस्त्र घटाभिषेक में जगदीश प्रसाद शर्मा , विशाल दिक्षित, दयाराम चौधरी,मोहित टेलर , नरेश शर्मा , अनिल पारीक, सुशील शर्मा कमलेश गौतम रामजी लाल मीणा आदि भोले भक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः-न.पा.नि./निर्माण/2025-26/5083 दिनांकः- 18.07.2025

**ई. बोली सूचना संख्या :- 18/2025-2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| | | |
|---|---|---|
| बोली का कार्य | : | NIB Code:-DLB2526A3726 (कुल 06 कार्य) |
| Unique Bid Number | | DLB2526WSOB11887, 1888, 1889, 18890, 18891,18892 |
| बोली की कुल लागत | : | Rs 120.09 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनाक | : | दिनांक 23.07.2025 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : | दिनांक 23.07.2025 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : | दिनांक 04.08.2025 सांय 18.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | दिनांक 05.08.2025 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 120 Day |

अध्यक्ष
नगर पालिका निवाई
राज.संवाद/सी/25/6586

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निवाई

## सम्पादकीय

# मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस- हाई कोर्ट का फैसला जांच एजेंसी के लिए बड़ा झटका, पीड़ितों को कब मिलेगा न्याय?

बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को दिए अपने फैसले में यह माना कि अभियोजन पक्ष 19 वर्ष पुराने इस मामले में आरोपियों पर लगे आरोपों को साबित करने में नाकाम रहा। हाई कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को फटकार लगाते हुए गवाही से लेकर पहचान परेड की प्रक्रिया तक पर भी सवाल उठा दिए।

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को 11 जुलाई, 2006 को एक के बाद एक, कई बम धमाकों से दहला दिया गया था। आज भी मुंबई के लोग उस दिन को भूल नहीं पा रहे हैं। 11 जुलाई, 2006 को शाम के 6.24 बजे के लगभग जब लोग मुंबई लोकल से अपने घरों को लौट रहे थे तो सात जगहों पर हुए सीरियल बम धमाकों ने पूरे सिस्टम को हिला दिया था। जांच में पता लगा कि मुंबई को दहलाने के लिए उच्च क्षमता वाले आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट को प्रेशर कुकरों में भर कर ट्रेन में ले जाया गया था। इन बमों में बकायदा टाइमर लगाए गए थे। मुंबई की अलग-अलग रेल लाइनों में यह धमाके 6.35 तक हुए यानी 11 मिनट तक पूरी मुंबई दहलती रही।

इन सीरियल बम धमाकों में 187 लोगों की मौत हुई थी और 824 लोग घायल हुए थे। लेकिन 19 वर्षों बाद, जुलाई के महीने में ही आए बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले ने सबको चौंका कर रख दिया है। बॉम्बे हाई कोर्ट में दो जजों की बेंच ने अभियोजन पक्ष को क?ी फटकार लगाते हुए निचली अदालत से दोषी करार दिए गए सभी 12 लोगों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को दिए अपने फैसले में यह माना कि अभियोजन पक्ष 19 वर्ष पुराने इस मामले में आरोपियों पर लगे आरोपों को साबित करने में नाकाम रहा। हाई कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को फटकार लगाते हुए गवाही से लेकर पहचान परेड की प्रक्रिया तक पर भी सवाल उठा दिए।

अदालत ने कहा कि गवाहों के बयान और साक्ष्य आरोपियों को निचली अदालत से मिली सजा को कायम रखने का भरोसा पैदा नहीं करते हैं। यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है। यह टिप्पणी करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने विशेष अदालत के सितंबर 2015 में दिए गए फैसले (जिसमें 12 लोगों को सीरियल बम धमाके का गुनाहगार माना गया था) को रद्द करते हुए सभी 12 लोगों को बरी कर दिया। गौरतलब है कि, मकोका की विशेष अदालत ने इन बम धमाकों के मामले में इन 12 आरोपियों में से 5 को फांसी और 7 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इन आरोपियों में इंजीनियर और कॉल सेंटर के कर्मचारी तक शामिल थे। लेकिन बॉम्बे हाई कोर्ट के इस फैसले ने अभियोजन पक्ष (सरकारी वकील) के सिस्टम के साथ ही महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की कार्यप्रणाली पर ही ब?ा सवाल ख?ा कर दिया है।

पिछले 19 वर्षों के दौरान जांच की प्रक्रिया और अदालती सुनवाई के रिकॉर्ड को देखने पर तस्वीर पूरी तरह से साफ हो जाती है। वर्ष 2023 में तो सरकार की उदासीनता पर गहरी नाराजगी जताते हुए अदालत ने विशेष सरकारी वकील की नियुक्ति नहीं किए जाने को लेकर गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को तलब करने तक की चेतावनी दे दी थी।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 23 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1540 तुर्की ने जानोस सिगीसमंद जपोलयाइ को हंगरी के राजा के रूप में मान्यता दी।
- 1726 बेंजामिन फ्रैंकलिन फिलाडेल्फिया के लिए वापस रवाना हुए।
- 1764 जेम्स ओटिस ने बिना प्रतिनिधित्व के कराधान पर अपने विचार प्रकाशित किये।
- 1829 विलियम ऑस्टिन बर्ट को टाइपोग्राफर, पहले व्यावहारिक टाइपराइटिंग मशीन के लिए पेटेंट से सम्मानित किया गया था।
- 1829 अमेरिका के विलियम ऑस्टिन बर्ट ने टाइपोग्राफ का पेटेंट कराया था, जिसने टाइपराइटर की नींव रखी।
- 1840 कनाडा के प्रांत संघ के अधिनियम द्वारा बनाए गए।
- 1863 उत्तरी लंदन में एलेक्जेंड्रा पार्क खोला गया।
- 1881 इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जिमनास्टिक्स, दुनिया का सबसे पुराना खेल संघ, लीज, बेल्जियम में स्थापित किया गया था।
- 1903 फोर्ड मोटर कंपनी ने अपनी पहली कार बेची।
- 1905 अल्फ्रेड डीकीन दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने।
- 1914 आस्ट्रिया-हंगरी ने सर्बिया को आर्चड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या की जांच करने के लिए एक अल्टीमेटम के साथ प्रस्तुत किया, कि सिर्बिया अंततः अस्वीकार कर देगा, जिससे प्रथम विश्व युद्ध शुरू हो जाएगा।
- 1927 इंग्लैंड और यॉर्कशायर के विल्फ्रेड रोड्स 1,000 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैचों में एकमात्र व्यक्ति बन गए।
- 1940 अमेरिका के अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट सुमेर वेल्स ने एक घोषणा पत्र जारी किया कि अमेरिका सोवियत संघ के ब्रेटल राज्यों की घोषणा को मान्यता नहीं देगा।
- 1942 होलोकास्ट-द गैस चैंबर्स ट्रेब्लिंका एक्सट्रिमिनेशन कैंपबेगन ऑपरेशन में, युद्ध से निकाले गए 6,500 यहूदियों को घेट्टो में एक दिन पहले देखा गया था।
- 1952 यूरोपीय कोयला और इस्पात समुदाय की स्थापना की गयी।
- 1960 यूसुफ बिन इशक ने सिंगापुर में सेंट जॉन एम्बुलेंस का मुख्यालय का उद्घाटन किया।
- 1970 कबूस ने अपने पिता सैद बिन तैमूर को उखाड़ फेंका जो सुल्तान ऑफ़ ओमान बन गया।
- 1972 संयुक्त राज्य अमेरिका ने लैंडसैट 1, की शुरूआत की जो की पहला पृथ्वी-संसाधन उपग्रह है।
- 1974 ग्रीस के सैन्य शासक को ग्रीस में सात साल के सैन्य शासन के समापन के बाद नागरिक सरकार द्वारा प्रतिस्थापित किया गया।
- 1983 श्रीलंका के गृह युद्ध की शुरुआत तब हुई जब तमिल ईलम के लिबरेशन टाइगर्स के सदस्यों ने श्रीलंका के सेना के सैनिकों के एक काफिले पर हमला कर दिया, जिसके बाद श्रीलंका में बड़े पैमाने पर दंगे हुए, जो कि तमिलों के साथ सिंहली थे, जिन्हें ब्लैक जुलाई कहा जाता था।
- 1983 एयर कनाडा फ्लाइट 143 ने चालक दल द्वारा विमान को पूरी तरह से ईंधन से बाहर निकालने के लिए मजबूर करने के बाद बिना किसी नुकसान के, जीवन की हानि के बिना कनाडा के गिमली, मानिटोबा में एक आपातकालीन लैंडिंग की।
- 1983 जापान के पश्चिमी शिमन प्रान्त में भारी बारिश से 117 लोग मरे।

## विशेष आलेख

# धनखड के अचानक इस्तीफा देने के पीछे सच में सेहत है या कोई सियासत?



रामस्वरूप रावतसरे

**बहरहाल, धनखड़ के इस्तीफे के बाद आगे संसद सत्र कैसा रहेगा, इस पर भी सबकी नजरें होंगी। जगदीप धनखड़ की उम्र 74 साल है। धनखड़ ने अगस्त 2022 में उपराष्ट्रपति का पद संभाला था, और उनका कार्यकाल 2027 तक था। इससे पहले वह पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे थे। उनके कार्यकाल में उनके बेबाक बयानों और विपक्ष के साथ तनाव ने कई बार सुर्खियां बटोरीं। विपक्ष ने उन पर राज्यसभा में पक्षपात का आरोप भी लगाया था।**

जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे में सेहत का हवाला दिया है। सोमवार को मानसून सत्र का पहला दिन था। मानसून सत्र पहले दिन वह एक्टिव दिखे। पूरे दिन सदन को अच्छे से चलाया भी। मगर अचानक शाम को ऐसा क्या हुआ कि जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया? उनके इस्तीफे के पीछे सच में सेहत है या कोई सियासत? दरअसल, जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष से लेकर तमाम लोगों को उनके अचानक इस्तीफे की बात पच नहीं रही। ऐसा नजारा शायद ही कभी देखने को मिला हो कि पहले दिन का सत्र चलाने के बाद किसी उपराष्ट्रपति ने इस्तीफा दिया हो।

जानकारों के अनुसार अगर उन्हें अपनी सेहत की चिंता थी तो संसद के मानसून सत्र से पहले भी दे सकते थे? उन्होंने अगर अपना इस्तीफा देने का मन बना भी लिया था तो उन्होंने मानसून सत्र का पहला दिन ही क्यों चुना? इस इस्तीफे के पीछे सच में सेहत है या कोई सियासत? कांग्रेस का मानना है कि उपराष्ट्रपति धनखड़ स्वस्थ हैं। कांग्रेस के अखिलेश प्रसाद सिंह, प्रमोद तिवारी और जयराम रमेश ने उपराष्ट्रपति से सोमवार की शाम 5.45 बजे जगदीप धनखड़ से मुलाकात की थी। उनके अनुसार उपराष्ट्रपति स्वस्थ थे। विपक्ष के इस दावे से भी सवाल उठ रहे हैं। जगदीप धनखड़ के सेहत वाले दावे पर कई विशेषज्ञ और विपक्षी नेता संदेह जता रहे हैं। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने इस्तीफे से कुछ घंटे पहले ही विपक्षी सांसदों के साथ मुलाकात की थी और संसद की कार्यवाही का संचालन किया था। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी कोई शिकायत नहीं जताई थी। उनका अचानक इस्तीफा सिर्फ स्वास्थ्य कारणों तक सीमित नहीं लगता! वहीं, कुछ नेताओं ने अटकलें लगाईं कि यह शीर्ष नेतृत्व के साथ किसी टकराव का नतीजा हो सकता है। सवाल उठ रहे हैं कि सोमवार शाम 6-7 बजे तक जगदीप धनखड़ एकदम एक्टिव थे। मगर अचानक तीन घंटे में क्या हुआ कि इस्तीफा देना पड़ा?

अगर सेहत ही असल कारण होता तो उन्होंने संसद सत्र से पहले ही इस्तीफा क्यों नहीं दिया? जगदीप धनखड़ ने इस्तीफे के लिए स्वास्थ्य कारण बताया, लेकिन उसी दिन वह संसद में सक्रिय थे और कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं जताई। उनकी सेहत अगर सच में अधिक खराब थी तो वह पूरे दिन इतने एक्टिव कैसे दिखे? अगर उनका फैसला पूर्वनियोजित था तो उन्होंने संसद सत्र में इशारा क्यों नहीं दिया? जगदीप धनखड़ का 23 जुलाई को दौरा प्रस्तावित था। इसका मतलब है कि यह सब अचानक यूं ही नहीं हुआ? क्या सरकार के साथ किसी मसले पर टकराव वजह था? क्या किसानों के मुद्दे पर धनखड़ सरकार से नाराज थे?

बहरहाल, धनखड़ के इस्तीफे के बाद आगे संसद सत्र कैसा रहेगा, इस पर भी सबकी नजरें होंगी। जगदीप धनखड़ की उम्र 74 साल है। धनखड़ ने अगस्त 2022 में उपराष्ट्रपति का पद संभाला था, और उनका कार्यकाल 2027 तक था। इससे पहले वह पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे थे। उनके कार्यकाल में उनके बेबाक बयानों और विपक्ष के साथ तनाव ने कई बार सुर्खियां बटोरीं। विपक्ष ने उन पर राज्यसभा में पक्षपात का आरोप भी लगाया था। फिलहाल, उन्होंने दो साल कार्यकाल रहते हुए इस्तीफा दिया है। अब नजरें इस बात पर हैं कि अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा? भारत संविधान के अनुसार, 60 दिनों में नए उपराष्ट्रपति का चुनाव होना अनिवार्य है। तब तक राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह कार्यवाहक सभापति की जिम्मेदारी संभालेंगे। जगदीप धनखड़ के इस्तीफे ने न केवल राजनीतिक चर्चाओं को हवा दी है, बल्कि संसद सत्र के संचालन पर भी सवाल खड़े किए हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, नीतीश कुमार के साथ ही राजनाथ सिंह का भी नाम सामने आ रहा है। इन नामों की चर्चा के पीछे लोगों के अपने-अपने तर्क हैं। कई लोगों का मानना है कि यूपी के मद्देनजर भाजपा की तरफ से मनोज सिन्हा को यह बड़ी और अहम जिम्मेदारी दी जा सकती हैं। वहीं, बिहार चुनाव के मद्देनजर भाजपा राज्य में अपना मुख्यमंत्री बनाने की एवज में नीतीश कुमार को यह पद ऑफर कर सकती है। साल 1951 में राजस्थान के झुंझुनू जिले में जन्मे धनखड़ एक किसान परिवार से हैं। उन्होंने 1979 में राजस्थान बार में दाखिला लिया। सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न उच्च न्यायालयों में राज्य के सीनियर अधिवक्ता के रूप में अभ्यास किया, और राजस्थान उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में सेवा की। 1990 के दशक में राजनीति में प्रवेश करते हुए वह जनता दल के साथ झुंझुनू से लोकसभा सांसद चुने गए और चंद्रशेखर सरकार में संसदीय मामलों के राज्य मंत्री के रूप में सेवा की। वह 2003 में भाजपा में शामिल हो गए। 2019 में उन्हें पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जहां उनका ममता बनर्जी सरकार के साथ अक्सर टकराव होता रहा।

जगदीप धनखड़ 2022 में भारत के 14वें उपराष्ट्रपति चुने गए। उन्होंने 11 अगस्त 2022 को पद की शपथ ली। उनके नेतृत्व को दृढ़ता और कभी-कभी पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण के लिए जाना गया। इसके कारण दिसंबर 2024 में विपक्षी दलों की ओर से एक अभूतपूर्व महाभियोग प्रस्ताव दायर किया गया। जगदीप धनखड़ ने विपक्ष के इस कदम से गहरी निराशा व्यक्त की।

# विकास की अवधारणा और अशिक्षा और अंधविश्वास



संजीव ठाकुर

**अंधविश्वास का आलम भारत में नहीं ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,रूस, इसराइल और तमाम अन्य यूरोपीय देशों में व्याप्त है।**


**अमेरिका तथा ब्रिटेन में 13 नंबर को अत्यंत अशुभ माना जाता है। भारत में यदि बिल्ली रास्ता काट जाए तो व्यक्ति उस तरफ न जाकर दूसरे रास्ते से जाना पसंद करता है। मकान में वास्तु दोष दूर करने के लिए अनावश्यक तोड़फोड़ और सुधार के लिए लाखों खर्च किए जाते हैं। यह अंधविश्वास का एक जीता जागता प्रमाण है। वास्तु दोष तथा अंधविश्वास को मानने वाले 90% शिक्षित युवा इस मकड़ जाल में फंसे हुए हैं।**

आश्चर्य की बात है कि आज के प्रगतिशील वैज्ञानिक युग में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से शिक्षित जनमानस भी अंधविश्वास और रूढ़िवादिता का अंधभक्त और अनुयाई हो गया है। अंधविश्वास का आलम भारत में नहीं ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,रूस, इसराइल और तमाम अन्य यूरोपीय देशों में व्याप्त है। अमेरिका तथा ब्रिटेन में 13 नंबर को अत्यंत अशुभ माना जाता है। भारत में यदि बिल्ली रास्ता काट जाए तो व्यक्ति उस तरफ न जाकर दूसरे रास्ते से जाना पसंद करता है। मकान में वास्तु दोष दूर करने के लिए अनावश्यक तोड़फोड़ और सुधार के लिए लाखों खर्च किए जाते हैं। यह अंधविश्वास का एक जीता जागता प्रमाण है। वास्तु दोष तथा अंधविश्वास को मानने वाले 90त्न शिक्षित युवा इस मकड़ जाल में फंसे हुए हैं। अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी हैद्य यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात हैद्य यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही हैद्य शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जो पद्धति आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता हैद्य उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक हैद्य शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं युवा उधोगपति व अद्विका इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक नवीन गौड़। 23 सितम्बर 1982 को अलवर में जन्में इस युवा के हौंसले शुरू से ही कुछ कर गुजरने के रहे माता पिता दोनों सरकारी अध्यापक से सेवानिवृत हैं। ऐसे में स्कूल और कॉलेज की शिक्षा अलवर से और मास्टर डिग्री गाजियाबाद से पूरी की। पहली नौकरी आईसीआईसीआई बैंक से शुरू की उसके बाद बजाज आलियांज लाईफ इंशोरेंस में सेल्स मैनेजर के रूप में लगे जहां अपनी ऊर्जा व टीम वर्क से कम समय और कम उम्र में ही काफी आगे बढ़ चले। यहां से एचडीएफसी बैंक में लगे उसके बाद विचार बदला और 2010 भवन निर्माण की ओर कू च किए जिसका सफर विश्वास के साथ आज तक बदसतूर जारी है। समाजसेवा में भी हमेशा आगे बढक़र बिना दिखावे के लोगों की मदद का जज्बा सच में इन्हे महान बनाता है। धार्मिक आयोजनों में भी बढ़चढ कर हिस्सा लेते हैं और बेहद ऊर्जावान युवा हैं। जोखिम के साथ काम करने का जज्बा सच में इंसान को काफी आगे ले जाता है लेकिन तभी जब वे मेहनती हों। अलवर, बूंदी, बाड़मेर अजमेर,जयपुर में लोगों को उनके बजट का फैल्ट्स बनाकर दे रहे हैं। अद्विका इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कार्य संचालित कर रहे हैं ऐसे में अलवर, नीमराना, जयपुर में सरकारी परियोजनाएँ में भी लोगों को आवास उपलब्ध करवा रहे हैं। अलवर में 50 फ्लैट परियोजना,नीमराना में 711 फ्लैट निर्माणाधीन हैं और भविष्य में विस्तार के लिए भूमि उपलब्ध है। जयपुर में लगभग 250 फ्लैट बनाए हैं और लगातार इस क्षेत्र में ऊँचाईयों को छू रहे हैं। इनका कहना है कि सफलता हमसे सिर्फ चार कदम की दूरी पर ही रहती है बस हम चलना चाहते ही नहीं इसलिए वो दूर नजर आती है। टीम बढ़ता राजस्थान ऐसे ऊर्जावान नौजवान के उज्जलव भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा



नवीन गौड़
(युवा उधोगपति)

## संस्मरण

# शोमैन राज कपूर की आवाज कहे जाते थे मुकेश

मुकेश का जन्म 22 जुलाई 1923 को हुआ था और उनका पूरा नाम मुकेश चंद्र माथुर था। इनके पिता का नाम जोरावर चंद्र माथुर था, जोकि पेशे से इंजीनियर थे। मुकेश 10 भाई-बहन थे और वह छठे नंबर पर थे। मुकेश को बचपन से ही गाने में रुचि थी और वह अपने क्लासमेट्स को गाना गाकर सुनाया करते थे।

हिंदी सिनेमा में कई ऐसे गायक हुए, जो आज भी अपने बेहतरीन गानों के लिए याद किए जाते हैं। ऐसे ही एक गायक मुकेश थे। आज ही के दिन यानी की 22 जुलाई को मुकेश का जन्म हुआ था। मुकेश को अभिनेता राज कपूर की आवाज कहा जाता था। मुकेश भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन वह आज भी संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करते हैं। मुकेश सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी काफी फेमस थे। उनकी आवाज को काफी ज्यादा पसंद किया गया। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर मुकेश के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और परिवार

मुकेश का जन्म 22 जुलाई 1923 को हुआ था और उनका पूरा नाम मुकेश चंद्र माथुर था। इनके पिता का नाम जोरावर चंद्र माथुर था, जोकि पेशे से इंजीनियर थे। मुकेश 10 भाई-बहन थे और वह छठे नंबर पर थे। मुकेश को बचपन से ही गाने में रुचि थी और वह अपने क्लासमेट्स को गाना गाकर सुनाया करते थे। मुकेश ने 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी और पीडब्लूडी में नौकरी करने लगे थे। मुकेश हमेशा से फिल्मों में काम करना चाहते थे।

सिंगिंग करियर

मुकेश एक बार अपने रिश्तेदार मोतीलाल की बहन की शादी में गाना गा रहे थे। मुकेश की आवाज मोतीलाल को इतनी पसंद आई कि वह उनको लेकर मुंबई चले गए। मुंबई में मोतीलाल ने मुकेश को गाने की ट्रेनिंग दिलाई। वहीं साल 1941 में आई फिल्म निर्दोष में भी मुकेश ने अभिनय किया था और इस फिल्म के सभी गाने भी गाए थे। इसके बाद सिंगर ने आह, अनुराग, माशूका और दुल्हन जैसी फिल्मों में भी बतौर अभिनेता काम किया।

मुकेश ने अपने करियर में सबसे पहला गाना %दिल ही बुझा हुआ हो तो% गाया था। फिल्म इंडस्ट्री में मुकेश का शुरूआती दौर काफी मुश्किलों भरा था। लेकिन एक दिन के.एल सहगल पर मुकेश की आवाज का जादू चल गया। जिसके बाद उन्होंने मुकेश को गाने का मौका दिया। राज कपूर के लिए एक-दो गाने गाने के बाद ही 50 के दशक में मुकेश को शोमैन की आवाज कहा जाने लगा था।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

**वृष**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**मिथुन**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

**कर्क**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा। आज कोई नया काम शुरू ना करें।

**सिंह**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

**कन्या**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। इसका खास ध्यान रखें।

**तुला**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

**वृश्चिक**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

**धनु**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा।

**मकर**
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

**कुंभ**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**मीन**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** स्वाधीनता दिवस समारोह (15 अगस्त, 2025) मनाये जाने एवं आयोजन की पूर्व व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि समारोह की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, समन्वित एवं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जाएं ताकि आमजन को श्रेष्ठ अनुभव मिल सके। जिला कलक्टर ने बताया कि 15 अगस्त को प्रातः 8:15 बजे जिला कलक्टर निवास, 8:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं प्रातः 9:00 बजे जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी राजकीय, अर्द्धसरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में भी ध्वजारोहण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाईन परेड ग्राउंड पर आमजन के बैठने, पेयजल, टेंट, माइक, ध्वज एवं ध्वजारोहण, मंच संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चिकित्सा, विद्युत, सुरक्षा, पार्किंग, पास, आवागमन और अन्य व्यवस्थाओं हेतु संबंधित अधिकारियों को सटीक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नगर परिषद, पीएचईडी, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग सहित सभी विभागों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने शहीद वीरांगनाओं व स्वतंत्रता सैनानियों के आश्रितों को ससम्मान निमंत्रण देने के निर्देश सभी संबंधित तहसीलदारों को दिए। जिला स्तरीय मुख्य समारोह में आरएसी व पुलिस बल द्वारा मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण, शहीद वीरांगनाओं व सैनिक आश्रितों का सम्मान, विद्यार्थियों द्वारा व्यायाम प्रदर्शन, नृत्य, गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो कार्यक्रमों की सांस्कृतिक अनुरूपता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे।जिला कलक्टर ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए प्रशंसा पत्र हेतु विशेष उपलब्धियां सहित स्पष्ट अभिशंषा के साथ प्रस्ताव 5 अगस्त, 2025 तक भिजवाने के निर्देश दिए। प्रस्ताव भिजवाने से पूर्व विभागीय जांच एवं गत 3 वर्ष से सम्मानित सहित अन्य दिशा निर्देशों की जांच आवश्यक रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 5 अगस्त के पश्चात प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, सीओं सिटी उदय सिंह, नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना, तहसीलदार नीरू सिंह, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरि सिंह मीणा, सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने टोंक में चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया, संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने मंगलवार को टोंक शहर में चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। टोंक के खेल स्टेडियम में बने सिंथेटिक ट्रेक और इंडोर स्टेडियम का जिला कलेक्टर ने जायज़ा लिया। ट्रैक का अवलोकन करने के बाद उन्होंने इसे जिले के लिए एक उपलब्धि बताते हुए कहा कि शेष निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूरा किया जाएं। जिले में पंच गौरव में खेल के रूप में एथलेटिक्स का चयन किया गया है। खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को निखारने में सिंथेटिक ट्रैक और इंडोर स्टेडियम महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके बाद जिला कलेक्टर ने टोंक शहर का भ्रमण करते हुए धन्ना तलाई इलाके में बन रहे वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का अवलोकन कर उसकी कार्य प्रणाली को नगर परिषद के अभियंताओं से समझा। जिला कलेक्टर ने अभियंताओं को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि यहां के लोगों को जल भराव और बदबूदार पानी की दुर्गंध से निजात मिल सके। इस



दौरान जिला कलेक्टर को धन्ना तलाई निवासी अकबर खान ने आमजन की परेशानियों के बारे में अवगत कराया। वहीं जिला कलेक्टर ने धन्ना तलाई स्थित सालों पुरानी नहर का भी जायज़ा लेकर सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने तालाब तेलियान में किये गए कार्यों का भी अवलोकन किया।

### डाईट रोड़ पर बन रहे एसटीपी प्लांट का किया अवलोकन

जिला कलेक्टर ने डाईट रोड़ पर बन रहे निर्माणाधीन एसटीपी



प्लांट का अवलोकन किया। प्लांट के अभियंताओं ने बताया कि नगर परिषद टोंक के बाहरी क्षेत्र में बसी हुई कॉलोनियों में सीवरेज कार्य के लिए पाइप लाईन डालने का कार्य किया जाएगा। यहां वेस्ट पानी के ट्रीटमेंट के लिए 5 एसटीपी एवं 2 एमडब्ल्यूपीएस ट्रीटमेंट प्लांट बनाये जा रहे है। यह लगभग 123 किलोमीटर क्षेत्र को कवर करेंगे। इस कार्य को पूरा करने की अवधि 24 महीने है।

### *अन्नपूर्णा रसोई में किया भोजन, सुधार के दिए निर्देश*

*जिला कलेक्टर ने डिपो क्षेत्र में स्थित अन्नपूर्णा रसोई में अचानक पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रसोई में बैठकर भोजन किया एवं रसोई संचालक को सब्जी की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने रसोई संचालक से प्रतिदिन भोजन करने वाले लोगों की संख्या, रसोई परिसर एवं बर्तनों की साफ-सफाई, भोजन का मेन्यू को लेकर जानकारी ली, तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम रामरतन सौंकरिया, उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया, नगर परिषद के अभियंता फतेह सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।*

# खिलचीपुर में ग्रामीणों के द्वार, समस्याओं का किया निराकरण

## संभागीय आयुक्त भरतपुर एवं जिला कलक्टर ने लगाई रात्रि चौपाल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आमजन के परिवादों की उनके द्वार पर सुनवाई कर त्वरित, पारदर्शी एवं संतुष्टिपूर्ण समयबद्ध निस्तारण हेतु सोमवार को संभागीय आयुक्त भरतपुर डॉ. टीना सोनी एवं जिला कलक्टर काना राम की संयुक्त अध्यक्षता में पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत खिलचीपुर के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ।

संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष सीधे प्रस्तुत करने से समाधान की प्रक्रिया तीव्र होती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रस्तुत की गई अधिकांश समस्याओं का निस्तारण 10 दिन के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा।




चौपाल में ग्रामीणों द्वारा श्मशान भूमि से अतिक्रमण हटवाने, जलभराव, अवैध निर्माण, पशु चिकित्सक की नियुक्ति, खेतों तक जाने वाले रास्तों की मरम्मत, रणथंभौर रोड की मरम्मत, 33 केवी लाइन को अन्यत्र स्थानांतरित करने जैसी 40 से अधिक समस्याएं रखी गईं, जिन पर संभागीय आयुक्त ने संबंधित विभागों को शीघ्र, प्रभावी एवं स्थायी समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने वन विभाग व पंचायती राज विभाग के समन्वय से ग्राम में पौधारोपण एवं मनरेगा के माध्यम से 10 दिन में रोजगार गतिविधियां शुरू करने के निर्देश दिए। राजस्व एवं भूमि विवादों के स्थायी समाधान हेतु वन विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित करने की बात कहीं गई। पूर्व सरपंच द्वारा नंदी गौशाला हेतु मांग पर जिला कलक्टर ने रजिस्ट्रर्ड संस्थान से आवेदन मिलने पर शीघ्र सहायता का आश्वासन दिया।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव के अंतिम छोर तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने, दोहरे नल कनेक्शन धारकों पर एक सप्ताह में कार्रवाई करने एवं हैंडपंप दुरुस्त करने के निर्देश भी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता बीएस मीना को दिए गए। विद्युत विभाग को झरेटी के समीप 33 केवी लाइन को अन्यत्र शिफ्ट करने तथा राजस्व, पंचायत व पुलिस विभाग को दो दिन में सभी अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए गए।

संभागीय आयुक्त ने अधिकारियों को 10 दिन में अधिकांश समस्याओं के समाधान की प्राथमिकता के साथ कार्य करने और ग्रामीणों से प्रशासन को सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, एडीएम संजय शर्मा, विकास अधिकारी जयप्रकाश मीणा, तहसीलदार नीरू सिंह, सीएमएचओ डॉ. अनिल जैमिनी, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता बी.एल. मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सरपंच व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# होम बेस्ड पैलिएटिव केयर वाहिनी को दिखाई हरी झंडी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में गंभीर एवं असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों की देखभाल के लिए पेलियेटिव केयर कार्यक्रम के तहत होम बेस्ड पेलियेटिव केयर वाहिनी को प्रारम्भ किया गया है। राज्य सरकार ने असाध्य व गंभीर बीमारियों से ग्रसित बुजुर्गों को घर बैठे उपचार देने की दिशा में 'होम बेस्ड पेलिएटिव केयर' नामक योजना शुरू की है। अब 70 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे मरीजों को अस्पतालों में भर्ती नहीं रहना पड़ेगा, जिनकी बीमारियों का इलाज अब संभव नहीं है या जिनकी स्थिति ठीक नहीं है। गंभीर व असाध्य रोगों से ग्रसित लोग, जो अंतिम अवस्था में हो उनका अस्पताल में उपचार करने के बजाय घर पर परिजनों के बीच रखना अधिक बेहतर है। उनको नर्सिंगकर्मी चिकित्सक की ओर से लिखी दवा देने के साथ लेने का तरीका बताएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर होम बेस्ड पेलियेटिव केयर वाहिनी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीएमएचओ ने बताया कि यह



एक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित सम्पूर्ण देखभाल करने वाली मोबाइल यूनिट है। राष्ट्रीय पैलिएटिव केयर कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है।

### मरीजों की ऐसे बनेगी सूची

जिला अस्पताल में ऐसे मरीजों की सूची तैयार की जाएगी जो अस्पताल जाकर उपचार कराने में असमर्थ हैं या जिनका उपचार अब घर पर किया जाना अधिक प्रभावी होगा। मरीज के अति गंभीर होने पर चिकित्सक से सलाह लेकर दवा में बदलाव करेंगे। इस पायलट प्रोजेक्ट होम बेस्ड पेलिएटिव केयर योजना के तहत कैंसर, लकवा सहित असाध्य रोगों के मरीजों की सूची तैयार की जाएगी।

### मुख्य रूप से ये बीमारियां होगी शामिल

पायलट प्रोजेक्ट होम बेस्ड पेलिएटिव केयर योजना के तहत कैंसर, हृदय रोग, किडनी, लीवर की गंभीर बीमारी, न्यूरोलॉजिकल बीमारियां, बुजुर्गों में मल्टीपल क्रॉनिक डिजीज से जुड़े रोगियों को घर पर रख कर उनका उपचार किया जाएगा। असाध्य रोग से पीड़ित बुजुर्ग मरीज के घर पर रहने के दौरान नर्सिंग कर्मी दर्द, उल्टी, सांस की तकलीफ, बेचैनी आदि से राहत दिलाने के अलावा मरीज और परिवार को मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद से दूर रखने का भी कार्य करेंगे।

# अनीमिया से बचाने के लिए पिलाई आयरन की खुराक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया



गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि सभी महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों को शक्ति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि शक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य समुदाय व लाभार्थियों में अनीमिया नियंत्रण के लिए स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबीन की जांच, उपचार तथा एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयरन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार आवश्यक है और इसकी कमी होने से किस प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच कर आयरन की दवाएं दी गई। जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सत्रों का निरीक्षण किया, दवाओं की उपलब्धता की जांच, सभी आयुवर्गों की उपस्थिति की जांच की।

# आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु), निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय एवं मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) जिला कलेक्टर, की पालना में मंगलवार को पंचायत समिति अलीगढ़ में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक हनुमान मीणा ने जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजेंद्र सैनी ने पीपीटी के माध्यम से पहचान पोर्टल पर पंजीकरण में आने वाली समस्या एवं अब तक हुए संशोधनों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी बनवारी लाल धाकड़, अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं विकास अधिकारी शंकरलाल मेघवाल, पंचायत प्रसार अधिकारी मदनलाल रेगर, एवं सांख्यिकी कार्मिक व उनियारा ब्लॉक के समस्त रजिस्ट्रार एवं उप रजिस्ट्रार उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत कैंप 24 को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, टोंक की ओर से मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत गुरुवार, 24 जुलाई को सुबह 9:30 से तहसील परिसर, टोंक में कैंप आयोजित किया जा रहा है। सहायक निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रा. निधि विभाग टोंक ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना में 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच की आयु के व्यक्ति इस योजना में शामिल हो सकते है। इस योजना के अधीन पात्र व्यक्ति 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात निश्चित मासिक पेंशन प्राप्त करेंगे।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री बैरवा की 16 वीं पुण्यतिथि मनाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स.)।** राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय बनवारी लाल बैरवा की 16वीं पुण्य तिथि पर मंगलवार को निवाई डाक बंगले में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उनके पुत्र मनिन्द्र लोदी, बेटी पूर्व प्रधान अलका बैरवा, पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा , पूर्व विधायक कमल बैरवा, कांग्रेस



जिलाध्यक्ष हरिभाई हरि, किसान नेता श्रीराम चौधरी, पार्षद महाबीर पराना, पारस पहाडी, पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी, पार्षद दयाराम चौधरी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शंकर लाल चौधरी, शहर अध्यक्षसतीश शर्मा, कानाराम मीना, पप्पू सरपंच, भंवरलाल यादव, रामराय मीना, चन्द्रकला-मांगीलाल गुर्जर पार्षद दुर्गालाल सैन, शंकर घाटी, एडवोकेट बनवारीलाल यादव, व्योवृद्ध नेता पूर्व पालिकाध्यक्ष गिरधारीलाल पंडा, सीताराम कटारा, दुर्गालाल सैनी, सहित सैकडो लोगो ने श्रद्धांजलि सभा में भाग लेकर श्रद्धांजलि दी।

# कृषि उपज मंडी के स्थापना दिवस का समारोह पूर्वक हुआ समापन

### प्रतियोगिताओं को लेकर व्यापारियों, पल्लेदरों, मुनीम संघ एवं मंडी प्रशासन में रहा भारी उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स.)।** कृषि उपज मंडी समिति के तत्वावधान में मंडी के स्थापना दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिताओ का समापन समारोह पूर्वक किया गया। जिसमें अतिथियों द्वारा विजेता व उप विजेता टीमों को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंडी सचिव डॉ. कमलकिशोर सोनी ने बताया कि मंडी के स्थापना दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में मंडी



व्यापारियों, पल्लेदर संघ, मुनीम संघ एवं मंडी प्रशासन के कर्मचारी व अधिकारियों ने उत्साह पूर्ण भाग लिया। कप्तान संजना सोनी व कुलदीप पाराशर ने बताया कि मंडी के स्थापना दिवस पर क्रिकेट, कबड्डी, म्यूजिकल चेयर, शतरंज, वॉलीबॉल सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनका निर्णायक दल द्वारा परिणाम घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि घोषित परिणाम में क्रिकेट प्रतियोगिता में कमल जैन विजेता एवं देवेंद्र सिंह गुर्जर उपविजेता रहे। इसी प्रकार रस्साकशी में सीताराम स्वामी विजेता एवं गोविंद नायक उपविजेता, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हेमंत गोरा विजेता एवं दयाराम गुर्जर उपविजेता, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में भैरव दल प्रथम व वीर शिवाजी दल द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार शतरंज प्रतियोगिता में मंडी प्रशासन प्रथम एवं भगतसिंह दल द्वितीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में वीर शिवाजी दल व सी एवं एफ ब्लॉक के व्यापारी प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर कृषि उपज मंडी प्रशासन रहा। इसी प्रकार साफा बांध प्रतियोगिता में कृषि मंडी प्रशासन प्रथम एवं ई ब्लॉक के व्यापारी द्वितीय स्थान पर रहे। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक मंडी शुल्क वितरण में चेतनकुमार जैन व शिवदयाल सैनी प्रथम स्थान पर रहे। इसी प्रकार रविंद्रकुमार शर्मा व रामसहाय सैनी द्वितीय स्थान एवं नंदकिशोर बेनीवाल, महावीरप्रसाद जैन व कमल सभनानी तृतीय स्थान पर रहे। जिनको स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर इंडियन ओवरसीज बैंक प्रबंधक महेंद्रसिंह मीणा, विकासकुमार चौधरी व द्वारकाप्रसाद चौधरी एसबीआई बैंक प्रबंधक सुरेश चौधरी, कोटक महिंद्रा बैंक के प्रतीक मेहता, आईडीबीआई प्रबंधक सूर्यकांत शर्मा, आईसीआईसीआई बैंक के अतुल तोमर, एक्सिस बैंक प्रबंधक धनसिंह राठौड़, व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया, संरक्षक ताराचन्द बोहरा, पारस पहाड़ी, व्यापारी राजेन्द्र चौधरी, फल एवं सब्जी मंडी अध्यक्ष भानुप्रकाश सैनी, पल्लेदार यूनियन अध्यक्ष दुर्गालाल बैरवा, मुनीम संघ अध्यक्ष सीताराम स्वामी, अशोककुमार जैन, दिलीपकुमार जैन, लालचंद कठमाण, मुकेशकुमार जैन, अक्षत चौधरी सहित कई व्यापारी, पल्लेदार एवं मंडी के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### जयपुर रैंज में अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास

# बढ़ते अपराध के चलते रैंज जयपुर का जिम्मा आईजी राहुल प्रकाश के कंधों पर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (रूपक शर्मा)** राजधानी व रैंज जयपुर में बढ़ते गैंगवार व खुलेआम हो रही अपराधिक घटनाओं की रोकथाम के मद्देनजर अब सरकार ने एक शानदार पुलिस अधिकारी को जयपुर रैंज का जिम्मा सौंपा है। सरकार ने हाल ही में आईपीएस स्थांतरण लिस्ट में भरतपुर रैंज से जयपुर रैंज आईजी राहुल प्रकाश को लगाया है। कारण ये भी है कि अपराधियों में राहुल प्रकाश के प्रति खौफ है। राहुल प्रकाश राजस्थान कैडर में साल 2006 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। आईपीएस राहुल प्रकाश का जन्म 21 मार्च 1978 को बिहार के अरवल में हुआ। एम फिल की ड्रिगी लेकर



अपराधियों के खिलाफ बिगुल बजाने वाले दमदार आईपीएस के रूप में राहुल को जाना जाता है। इससे पहले राहुल भरतपुर आईजी पोस्ट पद पर तैनात थे। .राहुल प्रकाश पाली, अलवर, भरतपुर, जोधपुर, जयपुर, धौलपुर व जौधपुर ग्रामीण के एसपी भी रह चुके हैं। सरकार ने उन्हे चलाकर उप महानिरीक्षक पुलिस, सीआईडी अपराध शाखा जयपुर लगाया और उस समय बड़े बड़े अपराधियों को राहुल व उनकी टीम ने उनके सही ठिकाने तक पहुँचाया। राजस्थान पुलिस वैसे इन दिनों साइबर अपराधियों की कमर तोडने् में लगी हुई है। ऑनलाइन ठगी करने वाले बदमाश शुरू से ही राहुल प्रकाश के नाम से खौफजदा हैं, क्योंकि राजस्थान पुलिस ऑपरेशन एंटी वायरस चलाया जा रहा है, जिसे भरतपुर रेंज आईजी रहते हुए राहुल ने साइबर क्राइम करने वालों के खिलाफ भरतपुर रेंज के मेवात इलाके में पुलिस तगड़ा एक्शन लिया था, आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाए गए। आधी रात को रेड मारी गई ऐसे में अपराधियों की अवैध संपत्ति मिट्टी मिला दी गई। राहुल सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। साइबर ठगों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई को लेकर लगातार अपडेट रहते हैं, आईजी राहुल प्रकाश ने एक्स पर लिखा *कहते हैं, सौ सुनार की एक लुहार की* अब राजधानी व रैंज जयपुर में तेजी से बढ़ते गैंगवार और बदमाशों पर नकेल कसने के लिए रैंज आईजी राहुल अपनी टीम के साथ इन बदमाशों को उनके सही ठिकाने पहुँचाने के लिए पूरी तैयारी कर रहे हैं। क्योंकि भरतपुर आईजी लगते ही उन्होंने मीडिया के माध्यम से बदमाशों तक अपनी बात रखी कि या तो बदमाशी छोड दो वरना रैंज से बाहर निकल जाओ। उनके इस वक्तव्य से ही बदमाशों में खलबली सी मच गई। अपनी टीम के हौसले बढ़ाने वाले इस शानदार आईपीएस का कहना है कि खाकी महज वर्दी या कपडा नहीं बल्कि ये शेर की खाल है इसके मान के लिए हम सैदव कटिबद्ध हैं।

## भोमियाँ बाबा का सालाना अखण्ड भण्डारा 23 जुलाई को

**मंगलवार को निकली कलश यात्रा, कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने की शिरकत**

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत श्यामपुरा स्थित बाबा भोमिया का सालाना अखण्ड भण्डारा 23जुलाई 2025बुधवार को होगा। पुजारी रुड़ाराम सैनी ने बताया कि मालियों की ढाणी में भोमिया बाबा के सालाना भण्डारे को लेकर कलश यात्रा निकाली गई है। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा से पूर्व विधिविधान से पूजा अर्चना की गईं और् कलश यात्रा निकाली गईं।पुजारी रुड़ाराम सैनी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति भोमिया बाबा का अखण्ड भण्डारा 23जुलाई को होगा। भण्डारे के दिन लोक गायक महावीर महासी द्वारा लोक गीत गए जाएंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लें और् प्रसादी पाएं। इस अवसर पर पुजारी रुड़ाराम सैनी,सुरेश सैनी, गोलाराम स्वामी, लीलाराम सैनी,



श्रीराम सैनी, रामनिवास सैनी, दीनाराम सैनी, बिशम्बर सैनी,पूर्णचंद सैनी, सुरमल सैनी, मुकेश सैनी, रमेश जैन सहित काफ़ी संख्या में महिलाएं और् श्रद्धालु मौजूद रहे। न्यायिक कर्मचारियों द्वारा सामूहिक अवकाश न्यायालय परिसर में करवाया सुन्दरकाण्ड का आयोजन।

## ड्राई रूट और दालों से किया शिव परिवार का श्रृंगार



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मोती डूंगरी स्थित संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर में मंगलवार को शांति कुंज की कुछ महिलाओं ने शिव परिवार का कई प्रकार की दाल और ड्राई रूट का श्रृंगार किया। इस श्रृंगार को करने में वंदना गर्गए शिप्रा मिश्राए ऋतु गुप्ताए अर्चना सिंहए सुनीता शर्मा और पारूल की भूमिका रही। वंदना गर्ग ने बताया कि इसमें कई प्रकार की दालए तिलए पांच तरह के ड्राई रूट सहित कई तरह की सामग्री काम में ली गई जिसे तैयार करने में पूरे तीन घंटे लगे। इस श्रृंगार के पूरे होने पर सभी ने मानसून अच्छा होने की कामना की और आरती की। यह शिव भकत महिला मंडल शांति कुंज की ओर से यह श्रृंगार किया गया जो प्रति वर्ष सावन मास में किया जाता है। इस बार इसे मोती डूंगरी स्थित मंदिर में किया गया है। इन महिलाओं की ओर से विभिन्न त्यौहारों पर भगवान की प्रतिमाओं का श्रृंगार किया जाता है और उत्सव मनाया जाता है।

## जीवन कौशल शिक्षा अभियान के तहत चल रहे सिलाई प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** संतोष देवी चेरीटेबल ट्रस्ट ज़ख़राना एवं भावना बाल पर्यावरण एवं शिक्षा संस्थान खोहर द्वारा चलाये जा रहे नगर पालिका बर्डोद एवं ग्राम ढीस में जीवन कौशल शिक्षा अभियान के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर शानू यादव प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा भाजपा राजस्थान रही। डॉक्टर यादव ने बताया राठ क्षेत्र के विभिन्न गाँवो में अधिक से अधिक महिला परिवारों को इस मिशन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने व अपने परिवार के विकास में सहयोग दें।सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की शुभकामनाएँ । ट्रस्ट के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांव में सामाजिक उत्थान, खेलकूद व



महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रशिक्षित महिलाएं व लड़कियां स्वावलंबी बनकर समाज में आगे अपने व्यक्तिगत व सामाजिक जीवन में अपना व अपने परिवार का नाम रोशन करें ।इस कार्यक्रम में मदन मोहन, शिवराज सिंह चौहान, रामपाल, बिजेंदर ,राकेश ,राजेश, संदीप, मोहन, अजीत, राहुल, सुमन देवी ,शालू देवी, निशा शर्मा, सीमा बाई, सरोज, ममता, अनीता, पूजा ,कविता ,राजेश, विमला देवी, मेवा देवी, व प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सैकड़ो से अधिक महिलाएं व ग्राम के गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

## कलस्टर स्तरीय कार्यशाला में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के विभिन्न आयाम पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** कस्बे के निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमला में मंगलवार को हिंदी एवं पर्यावरण विषय के अध्यापकों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कार्यवाहक प्रधानाचार्य कन्हैयालाल मीना एवं ब्लॉक केआरपी रमेश गोस्वामी तथा व्याख्याता दीनदयाल शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ उद्बोधन में कार्यवाहक प्रधानाचार्य कन्हैयालाल मीना एवं रमेश गोस्वामी ने कार्यशाला की उपादेयता एवं आयोजन का कारण का विस्तार से वर्णन किया। प्रशिक्षण में दक्ष केआरपी के रूप में रमेश गोस्वामी ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यशाला को मूर्त रूप प्रदान किया। साथ में विभिन्न सत्रों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के विभिन्न आयाम , स्कूल आधारित आकलन में काम लेने वाले विभिन्न टूल्स पर प्रकाश डाला। बेस्ट प्रैक्टिस को डिस्पले किया गया। नीमला, सकट, राजपुर बड़ा और सुरेर पीईईओं के अधीनस्थ स्कूलों के कक्षा 1 से 5 तक बढ़ाने वाले हिंदी और पर्यावरण के शिक्षकों ने सहभागिता की। मध्यान्ह में सभी के लिए नाश्ता चाय कॉफी आदि की व्यवस्था की गई। सभी संभागियों ने स्थानीय क्लस्टर की सुविधाओं की सराहना की एवं नवाचारों से लाभान्वित हुए। प्रशिक्षण कार्यशाला में अनेक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## विधानसभा क्षेत्र को ऊर्जा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक सौगात

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर विधायक देवीसिंह शेखावत की मांग पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर द्वारा 33/11की स्वीकृति प्रदान की गईं है। उल्लेखनीय है कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को निर्बाध बिजली मिल सके उसके लिए शेखावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर से पूर्व में मिलकर अपील कर चुके हैं। जिसको विधानसभा क्षेत्र के नागरिक ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया बता रहे हैं। नारायणपुर -ज्ञानपुरा नगर पालिका क्षेत्र की रावत की ढाणी, में एक नए 33/11 केवी सब स्टेशन की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। विधायक देवीसिंह शेखावत ने इस स्वीकृति को मील का पत्थर बताया। उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होगा और ग्रामीणों को निर्बाध एवं सुलभ विद्युत सुविधा मिल सकेगी। शेखावत द्वारा सबग्रिड स्टेशन की स्वीकृति लिए विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नगर का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है। इस योजना के पूर्ण होने से बानसूर के ग्रामवासियों को लंबे समय से चली आ रही बिजली की समस्या से राहत मिलेगी। क्षेत्र में कृषि, उद्योग और घरेलू उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली मिल सकेगी, जिससे क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी ।वहीं विधायक देवीसिंह शेखावत ने व्यक्तिगत रूप से भी मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## सरकार की मानसिकता पीड़ितों के साथ नहीं बल्कि अपराधियों के साथ चलने की-नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अमित सैनी सुसाइड मामले को लेकर कहा कि विधायक सांसद और भाजपा नेताओं को इस पूरे मामले में आगे पहल करनी चाहिए थी और परिवार को उचित मदद दिलानी चाहिए थी लेकिन इस सरकार की मानसिकता पीड़ितों के साथ नहीं बल्कि अपराधियों के साथ चलने की है। उन्होंने मृतक अमित सैनी के निवास पर पहुंचकर सांत्वना प्रकट करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस मामले को बड़े स्तर पर उठाया जाएगा। जूली बोले विधानसभा सत्र जल्द शुरू होने वाला हैए सरकार को इस पूरे मामले पर जवाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अलवर सहित पूरे प्रदेश में जंगल राज की स्थिति बन गई है। जूली बोले नाबालिग को बिना किसी अपराध के थाने में बंद कर प्रताड़ित किया जाता है और वह सुसाइड कर लेता है इधर अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में एक युवक का अपहरण कर निर्वस्त्र कर उसे पीटा जाता है और सरकार चुप्पी साधे बैठी हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए कांग्रेस संविधान बचाओ सभा का आयोजन कर लोकतंत्र की



हत्या होने से बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में पूरा थाना सस्पेंड होना चाहिए सरकार की जवाबदेही बनती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह बोले सरकार की चुप्पी हैरान करने वाली हैएदोषी पुलिसकर्मियों को न केवल सस्पेंड किया जाए बल्कि उन्हें नौकरी से बाहर निकाला जाए। उन्होंने कहा कि यह एक समाज का नहीं बल्कि सर्व समाज का मामला हैए दुख की बात है कि पुलिस ने बर्बरतापूर्वक एक नौजवान व्यक्ति की मानसिक हालत खराब कर दी जिससे उसे सुसाइड जैसा कदम उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि मृतक अमित सैनी ने सुसाइड लेटर में पुलिस कर्मियों के नाम भी लिखे लेकिन उन पर थ्स् तक दर्ज नहीं की जा रहीए क्या राज चल रहा है। उन्होंने सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों पर स त से स त कार्रवाई करने की मांग की है।

## अभिभाषक संघ बानसूर ने न्यायिक कर्मचारीयों को दिया समर्थन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** न्यायालयों के समस्त कर्मचारीगण मंगलवार को सामुहिक रूप से अवकाश पर रहते हुए न्यायालय परिसर में सुन्दरकाण्ड का आयोजन करवाया गया। वर्तमान में राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ, जयपुर के आव्हान पर माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के प्रस्ताव के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा कैडर पुनर्गठन नहीं किये जाने के कारण राज्य सरकार के विरुद्ध शांतिपूर्ण तरीके से न्यायालयों में न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया जा रहा है। समस्त कर्मचारीगण दिनांक 19जुलाई 2025 से सामुहिक अवकाश पर चल रहे हैं। सुन्दरकाण्ड के आयोजन के दौरान अभिभाषक संघ बानसूर द्वारा भी पूर्ण रूप से न्यायिक कर्मचारियों को सहयोग एवं प्रदान किया गया। सुन्दरकाण्ड में न्यायिक कर्मचारीयों अधिवक्तागणों के साथ साथ आस पास के आमजन ने बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वहीं इस हड़ताल के चलते न्यायिक कार्य बाधित रहे और् पक्षकार बैरंग ही लौटे ।सर्वविदित है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कर्मचारियों के पदों के पुनर्गठन का प्रस्ताव राजस्थान सरकार को वर्ष 2023 में प्रेषित किया गया था जिस पर राजस्थान सरकार द्वारा उदासीनता दिखाई जाकर आज दिनांक तक कार्य नही किया गया ।जिससे न्यायिक कर्मचारियों का आक्रोश व सरकार के प्रति निराशा का भाव व्यापत है। जिसको लेकर राजस्थान राज्य के समस्त जिलों के साथ बानसूर न्यायालय के कर्मचारीगणों द्वारा भी अनिश्चितकाल के लिए सामुहिक अवकाश पर रहने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर न्यायिक कर्मचारीयों, अधिवक्तागणों सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर डॉ. कैलाश चन्द मीणा होंगे विजय श्री अवार्ड से सम्मानित

**राजगढ़( अलवर )।** विश्व बन्धुत्व एकामहे क लिए समरसता को वैश्विक स्तर पर बढाने वाली संस्था अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा भारत की प्रतिष्ठा, भारत की शक्ति, भारत के पंचशील सिद्धान्तो को वैश्विक स्तर पर बढाने के लिए कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को राजधानी जयपुर में स्थित रोटरी क्लब सभागार में सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का भव्य कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। मुख्य सलाहकार डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर ने बताया कि भारत के सैनिको द्वारा अपनी मातृभुमि की रक्षा करते हुऐ दुश्मन देश की सेना को युद्ध में पराजित करने भारत की प्रतिष्ठा, भारत की शक्ति, बढाने पर कारगिल विजय दिवस भव्य रूप से पुरे देश में मनाया जाता है। विजय दिवस समारोह में शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, समाज सेवी, प्रशासनिक राजनीति सेवा क्षेत्र, में सम्मलित प्रतिभा डॉ. कैलाश चन्द मीणा, इंस्पेक्टर, डिपट. ऑफ कॉपरेटिव का कर्म स्थली से विकास तक सेवा कार्यो का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर विजय श्री अवार्ड 2025 के लिए चयन किया गया है। कारगिल विजय दिवस महोत्सव में वसुधैव कुटुम्बकम, ग्लोबल विल्लेज, सत्यम शिवम सुन्दरम पर प्रतिभा डॉ. कैलाश चन्द मीणा विचार प्रस्तुतीकरण करेगें।

## मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण




**राजगढ़( अलवर )।** मंगलवार को कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पटायरी की डूंगरी का मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार गुप्ता ने औचक निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था की जांच की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का कक्षा स्तर, मिड डे मील, वृक्षारोपण कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल कुमार मीना, भगवान सहाय शर्मा, प्रधानाध्यापिका रेशमा मीना सहित स्टाफ उपस्थित रहा। इसके बाद उन्होंने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना सहित स्टाफ मौजूद रहा।

## न्यायिक कर्मचारियों का धरना चौथे दिन भी रहा जारी, न्यायिक कार्य हुआ प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ शाखा अलवर हाई कोर्ट के सम्मान में न्याय कर्मचारी मैदान में अधीनस्थ जिला न्यायालयों के कर्मचारी गणों के पदों का पुनर्गठन किया जाने हेतु अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन राजगढ़ मुख्यालय पर चौथे दिन भी जारी रहा। सभी न्यायिक कर्मचारियों ने सरकार की सदबुद्धि के लिए सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रर्दशन किया। राजगढ़ मुख्यालय पर राजस्थान कर्मचारी संघ शाखा अलवर की ओर से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने में न्यायिक कर्मचारियों ने बताया कि यह आंदोलन पदों के पुनर्गठन की मांग के लिए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन मंदिर परिसर में चल रहा है राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के आह्वान पर राजगढ अलवर न्यायिक कर्मचारी दिनांक 19 जुलाई से सामूहिक अवकाश व अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। न्यायिक कर्मचारियों की मांग है कि राज्य सरकार जल्द से जल्द पदों के पुनर्गठन के आदेश पारित करें। वहीं पंचायती पुस्तकालय एवं वाचनालय के अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा ने कहा कि राजस्थान में विगत 3 दिन से न्यायिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर अनिश्चितकालीन धरना




प्रदर्शन कर रहे है। जिसके कारण पक्षकारों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा हैं तथा न्यायिक व्यवस्था के ठप हो जाने से अराजक तत्वों को बढ़ावा मिल रहा हैं। एडवोकेट भूपेन्द्र शर्मा अध्यक्ष पंचायती पुस्तकालय राजगढ़ ने राजस्थान सरकार को कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में पत्र भेज कर न्यायिक कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया हैं। साथ ही सरकार से कर्मचारियों की मांगों का शीघ्र निस्तारण करने एवं न्यायिक कार्य को बिना अवरोध के चालू कराने का अनुरोध किया हैं।

## कलक्टर ने किया महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण

# स्कूल परिसर की प्रतिदिन सफाई, हर क्लास में डस्टबिन रखने के दिए निर्देश

### विद्यार्थियों को प्रतिदिन क्लास अटेंड करने के लिए प्रेरित करें-कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(दामोदर सिंह)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया मंगलवार प्रातः गुमानपुरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (मल्टीपरपज स्कूल) का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने स्कूल परिसर में सफाई व्यवस्था देखी। जिला कलक्टर ने पूछा कि विद्यालय में कितने टॉयलेट्स बने हुए हैं? उन्होंने स्कूल परिसर एवं कक्षा-कक्षों की प्रतिदिन सफाई कराने और प्रत्येक कक्षा में एक डस्टबिन रखने को कहा ताकि विद्यार्थी कचरा इधर-उधर नहीं डालकर सीधे डस्टबिन में डालें। श्री समारिया ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से बात की और टीचर्स को पढ़ाते हुए देखा। उन्होंने पढ़ाए जा रहे टॉपिक के बारे में कुछ सवाल भी विद्यार्थियों से पूछे। जिला कलक्टर ने स्कूल की बाल वाटिका में नन्हे बच्चों से संवाद किया। ड्रॉइंग के माध्यम से अल्फाबेट सीख रही रिदा और वैष्णवी से उन्होंने बात की। बच्ची रिदा ने बताया कि ए फॉर एप्पल सीखने के लिए एप्पल की ड्रॉइंग बनाई है। पास ही बैठी वैष्णवी ने बताया कि बी फॉर बाल सीखने के लिए उसने बॉल की ड्रॉइंग बनाई। जिला कलक्टर स्कूल की कंप्यूटर लैब पहुंचे और वहां बच्चों से उन्होंने कम्प्यूटर से संबंधित बेसिक जानकारी से जुड़े सवाल पूछे।



### स्कूल बुकलेट देखकर कहा 'वेरी गुड'

*जिला कलक्टर कक्षा 9 में गए जहां अध्यापक इतिहास विषय पढ़ा रहे थे। इसके अलावा एक और कक्षा में उन्होंने विज्ञान विषय में एलीमेंट कम्पाउंड्स टॉपिक पढ़ाते हुए ऑब्जर्व किया। स्कूल की बाल वाटिका में नर्सरी एवं एलकेजी के बच्चों से उन्होंने बात की। स्कूल टीचर हेमलता ने स्कूल की गतिविधियों पर तैयार की गई बुकलेट दिखाई। जिला कलक्टर ने इस प्रयास की सराहना की और उसे डिजिटाईज कर दूसरों के साथ शेयर करने का सुझाव दिया। स्कूल की प्राचार्य सपना चतुर्वेदी ने बताया कि कला संकाय में प्रेक्टिकल सब्जेक्ट नहीं होने से बच्चे अन्य स्कूलों में शिफ्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान संकाय में प्राइवेट स्कूलों से भी आकर यहां एडमिशन लिया है। जिला कलक्टर ने प्रिंसिपल एवं स्टाफ का आवहान किया कि वे पूरी मेहनत कर इसे बेस्ट स्कूल बनाएं। हरियालो राजस्थान के तहत जिला कलक्टर ने वोकेशनल स्कूल परिसर में कनैर का पौधा भी लगाया।*

### पीपीटी बनाना आता है

जिला कलक्टर ने कम्प्यूटर क्लास में पढ़ रहे विद्यार्थियों से पूछा कि कंप्यूटर में इंटरेस्ट है? क्या पीपीटी बनाना आता है? विद्यार्थियों ने हां में जवाब दिया। उन्होंने एम.एस. वर्ड की फुल फॉर्म भी पूछी जिसे बच्चों ने आसानी से बता दिया। श्री समारिया स्मार्ट क्लास रूम भी गए और उन्होंने वहां पढ़ा रहे टीचर से मॉनिटर ऑन करने को कहा। इसके बाद वे स्कूल की मिड डे मील की व्यवस्था देखने गए और वहां पूछा कि आज क्या बना है? मिड डे मील इंचार्ज खुशबू गंधर्व ने बताया कि दाल-चावल बनाया गया है। जिला कलक्टर ने किचन में सफाई व्यवस्था सही रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य राहुल शर्मा को स्कूल में नियमित सफाई करवाने, दीवारों पर रंग रोगन करवाने के निर्देश दिए।

## पंचायत शिक्षकों तथा विद्यालय सहायको ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, ई-ग्राम परियोजना से ड्यूटी हटवाने की मांग की



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** मंगलवार को शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कार्यरत पंचायत शिक्षकों तथा विद्यालय सहायकों ने मुख्यमंत्री ई ग्राम परियोजना से ड्यूटी हटवाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी भावना सिंह को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा आदेश पारित कर पंचायत शिक्षकों तथा विद्यालय सहायकों को मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना में ड्यूटी लगाकार 24 जुलाई को प्रशिक्षण हेतु मुख्यालय सेंटर पर बुलाया गया है, जबकि वर्तमान में पंचायत शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में शिक्षण कार्य के साथ-साथ में प्रवेशोत्सव, हरियाळो राजस्थान, शाला दर्पण, मिड डे मिल, पाठ्य पुस्तक वितरण, बीएलओ तथा बाढ़ राहत सहित अन्य कई कार्य संपन्न कराए जा रहे है, वही कई विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के चलते सामान्य और बोर्ड कक्षाओं को पढ़ाने का अतिरिक्त कार्य भी शिक्षक द्वारा ही पूर्ण किया जा रहा है। ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि यदि शिक्षकों की ड्यूटी ई-ग्राम परियोजना में लगती है तो विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों के अलावा अन्य कई गैरशैक्षणिक कार्य भी प्रभावित होंगे। अतः पंचायत शिक्षकों एवं विद्यालय सहायकों ने ई ग्राम परियोजना से ड्यूटी हटवाने की मांग की जिससे जिससे शिक्षक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उन्नत शिक्षा प्रदान कर सके।

## रामगंजमंडी कॉलेज को पीजी करने व विज्ञान संकाय खोलने की मांग



**रामगंजमंडी,(प्रमोद राठौर)।** राजकीय महाविद्यालय रामगंजमंडी को स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमोन्नत करने और विज्ञान संकाय खोलने की मांग को लेकर हस्ड्ढ के नेतृत्व में छात्रों ने खैराबाद से रैली निकालकर उपखंड कार्यालय तक दंडवत यात्रा की। छात्रों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि रामगंजमंडी, चेचट व सुकेत जैसे तीन सरकारी कॉलेजों में आज तक सिर्फ स्नातक स्तर पर ही पढ़ाई हो रही है, जबकि क्षेत्र के दर्जनों स्कूलों में विज्ञान विषय पढ़ाए जाते हैं। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महेश मीणा और संस्कार मीणा ने कहा कि बीए और बीकॉम के बाद छात्रों को पीजी के लिए कोटा या झालावाड़ जाना पड़ता है, जो शिक्षा के अधिकार के साथ अन्याय है। छात्रों ने मांग की कि हिंदी और भूगोल विषय में पीजी की मान्यता मिले और विज्ञान संकाय जल्द शुरू किया जाए। इस दौरान महेश मीणा, संस्कार मीणा, धर्मवीर, प्रिया, दिव्या, मंगलेश, कान्हा, हिमांशु, पवन गुर्जर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## भव्य शोभायात्रा के साथ 27 जुलाई को निकलेगी पारंपरिक तीज माता की सवारी



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** श्रावणी तीज मेला महोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 58वें श्रावणी तीज मेला महोत्सव का 27 जुलाई को भव्य शोभायात्रा के साथ आगाज होगा। श्रावणी तीज मेला महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष बसंत भरावा तथा संयोजक श्याम भरावा ने बताया कि शोभायात्रा के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। अध्यक्षता दक्षिण विधायक संदीप शर्मा करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि नगर निगम कोटा दक्षिण प्रतिपक्ष नेता एवं मेला दशहरा आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी होंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीमती कल्पना देवी, नगर निगम उत्तर महापौर मंजू मेहरा, नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा, भाजपा कोटा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व महापौर सुमन श्रृंगी, राकेश सोरल, अनुसूया गोस्वामी, उषा ठाकुर, निशा गौतम, हेमंत विजय, फैजल बैग होंगे। शोभा यात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी राजाराम जैन कर्मयोगी ने बताया कि 27 जुलाई शाम 5 बजे से कोटा जंक्शन स्थित कुलकर्णी सभागर में हाडोती के लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दीं जाएंगी।

इसके बाद शाम 6ः30 बजे अतिथियों द्वारा तीज माता की पूजा अर्चना के पश्चात शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। जो शीतला माता चौक, रानी जी की धर्मशाला होते हुए भीमगंज मंडी थाने के सामने से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। जहां पर तीज माता की महाआरती होगी। उसके बाद रात्रि 9 बजे तक शोभायात्रा का भरावा सदन पर पहुंचकर विश्राम होगा। मेला संयोजक श्याम भरावा ने बताया कि मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए व्यापारी स्टॉल लगाकर व्यवसाय करते हैं।

## सात माह में ही पापड़ी रेलवे ओवरब्रिज हुआ क्षतिग्रस्त, पुलिया पर हुए बड़े बड़े गड्ढे, पुल पर निकले सरिए



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** कोटा लालसोट मेघा हाइवे पर पापड़ी गांव के समीप स्थित सात माह पूर्व बनी रेलवे ओवर ब्रिज की पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पापड़ी रेलवे लाइन के ऊपर बने ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य दिसंबर 2024 में संपन्न हुआ तथा इस पुलिया को प्रशासन द्वारा जनवरी 25 में यातायात के लिए पूर्णतः खोल दिया गया था। इस पुलिया को शुरू हुए अभी सात माह भी पूरे नहीं हुए की यह पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। पुल पर बने दोनों तरफ के रोड में गहरे गहरे गड्ढे हो गए तथा गिट्टी निकल कर रोड पर फैली हुई है। इतना ही नहीं पुल पर की गई सीसी में से सरिए निकल कर बाहर आ गए। जिससे किसी भी वक्त बड़ी दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई है। पुलिया का एल आकर बना मुसीबत-ओवर ब्रिज के दोनों और एप्रोच रोड को ब्रिज से जोड़ने पर ऊपर जाकर एल आकर होने के चलते ब्रिज के दोनों तरफ खतरनाक घुमाव बन जाते हैं जिससे भारी वाहन को घूमने में परेशानी होती हैं इस दौरान कोई टू व्हीलर या छोटा वाहन भी ब्रिज के घुमओ से नहीं निकल सकता और दुर्घटना की संभावना बनी रहती हैं।

## प्रतिदिन चलेगा कैलाश मानसरोवर मुक्ती का संकल्प अभियान



### नर्वदेश्वर महादेव मंदिर में हुआ, चीन से कैलाश मानसरोवर मुक्ती का संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा जंक्शन पर भीमगन्जमंडी थाने के सामने स्थित प्राचीन श्री नर्वदेश्वर महादेव मंदिर में भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांतीय महामंत्री अरविन्द सिसोदिया के नेतृत्व में चीन के अवैध अधिपत्य से कैलाश मानसरोवर की मुक्ती का संकल्प भक्तगणों को दिलाया गया। इस दौरान पं. लोकेशकृष्ण शास्त्री, निखिल अग्रवाल, निमेश गाँधी, पुरषोत्तम दाधीच, हुकूमत सिंह झाला, यतीन्द्र चौधरी सहित माता बहनें मौजूद रहीं। पं. लोकेशकृष्ण शास्त्री नें संकल्प दिलाया। मंच के प्रांतीय महामंत्री सिसोदिया नें बताया की भगवान शिव शंकर के निवास कैलाश मानसरोवर की मुक्ती हेतु व्यापक जनजागरण सावन के महीनें में किया जा रहा है। इसमें भक्तगण और सनातनी बंधु बढ़चढ़ कर भाग ले रहें। यह संकल्प अधिकतम धर्म स्थलों पर दिलाये जानें, हेतु प्रतिदिन चलता रहेगा। मंच के प्रांतीय महामंत्री अरविन्द सिसोदिया नें कहा कि भगवान शिव शंकर का धाम कैलाश-मानसरोवर अनंतकाल से है और यह सनातन संस्कृति का विशिष्ट आराधना केंद्र है, जिस पर 1950 से चीन ने जबरिया कब्जा किया हुआ है, इसे मुक्त करवाये जानें का अंतर्राष्ट्रीय अभियान में विविध विश्वस्तरीय मंचों पर गत 25 वर्ष से मंच के मार्गदर्शक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इन्द्रेश कुमार के नेतृत्व में निरंतर संघर्षरत है। मंच का विश्वास है कि एक दिन यह शिवधाम, चीन से मुक्त होकर रहेगा। इस भाव को जनजागरण द्वारा निरंतर जनमानस में बनाये रखने हेतु श्रावन मास में प्रतिवर्ष संकल्प अभियान चलाया जाता है।

# बूंदी सदर थाना पुलिस ने अपहरण कर बकरालूट की घटना के मामले में किया खुलासा

### लूट गिरोह के चार सदस्यों सहित खरीददार को गिरफ्तार कर करवाई शिनाखूत

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले में सदर थाना पुलिस ने गत दिनों टोंक जिले का व्यापारी अमरचंद से बकरा लेकर कोटा बचने के लिए जा रहे , व्यापारी अमर चन्द व सूखे साथी से ठ्ठद्ध 52 पर कार सवार यूवको द्वारा अपहरण कर उनसे लूट बकरा, व चांदी के कड़े लूट करने के मामले में खुलासा करते हुए , बकरा लूट मामले में। कुल 5आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जिसमे लूट के बकरे खरीदने वाला भी शामिल। सदर थाना प्रभारी रमेश चन्द्र आर्य ने बताया कि चारो ही आरोपियों को




पहले पुलिस ने बापर्दा गिरफ्तार किया था ,फिर पीड़ित द्वारा शिनाखूत करवा पूछताछ में आरोपियों ने कबूला की व्यापारी और उसके सहयोगी जो बकरा भरकर टोंक से कोटा बचने के लिए जा रहे थे , तब ही बूंदी टनल न 52 के नजदीक उनको रुकवाया ओर अपहरण कर हट्टीपुरा रीको एरिया में ले गए, और वहां से 17 बकरा लूट कार में डालकर व्यापारी और उसके सहयोगी के हाथ में पहने हुए चांदी के कड़े लूट कर फरार हो गए थे। इस पूरे मामले में पीड़ित द्वारा सदर थाना पुलिस मुकदमा दर्ज करवाया गया था, जिस पर बापर्दा आरोपियों को गिरफ्तार किया। शिनाख्ती करने के पश्चात आरोपियों से बकरा बचकर की गई आरोपियों द्वारा राशि प्राप्त 90 हजार रुपये को जप्त किया है । वहीं लूट में चांदी के कड़े को लूटने की घटना को अंजाम दिया, उनको भी दोनो चांदी के कड़े बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ अन्य जिलों में हत्या लूट चोरी नकब्जानी जैसे मामले दर्ज है कि बात सदर थाना पुलिस ने कही है। गिरफ्तार आरोपियों में धनराज मेघवाल ,विजय बेस, अनिल सिंह ,वकील ,राजू शामिल है।

## 800 बीघा चरागाह भूमि पर कब्जा गोवंश हुआ आवारा,भूखा, प्रशासन चुप!

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी,चेचट(प्रमोद राठौर)।** ग्राम पंचायत चेचट की करीब 800 बीघा चरागाह भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने की माँग को लेकर गौरक्षा कमांडो फोर्स, ग्वाला सेवा संघ रामगंजमंडी और हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से तहसीलदार चेचट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि वर्षों पूर्व ग्राम पंचायत की यह भूमि गोवंश के चरने हेतु सुरक्षित थी, लेकिन कुछ हिस्सा लीज़ पर देकर एवं अन्य पर अवैध कब्जों के चलते अब पूरी भूमि बेकार पड़ी है। ग्रामीणों द्वारा बार-बार प्रशासन से अनुरोध करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्व उपखंड अधिकारी व कलेक्टर महोदय को भी इस मुद्दे से अवगत कराया गया था, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय गोपालकों व पशुपालकों को अपने पशुओं को चराने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गोवंश भोजन की तलाश में इधर-उधर भटकता है, जिससे दुर्घटनाएं भी होती हैं। भूमि से झाड़ियाँ काटे हुए 5 साल बीत चुके हैं, फिर भी कब्जे हटाकर खाली नहीं करवाई गई। संघर्षरत संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र इस मुद्दे पर कार्रवाई नहीं हुई, तो चरागाह भूमि की सीमा पर गौसेवक आंदोलन करेंगे।

## किराड़ विकास समिति का पैदल यात्रियों का जत्था उज्जैन रवाना

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** श्री कल्याणरायजी क्षत्रिय किराड़ विकास समिति कोटा महानगर के तत्वावधान में पैदल यात्रियों का जत्था मंगलवार को महाकाल उज्जैन के लिए रवाना हुआ। अध्यक्ष गोविंद मेहता ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल मेहता और महासचिव जगदीश मेहता के नेतृत्व में यात्री रवाना हुए हैं। जिन्हें जेआरयूसीसी सदस्य आशीष मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सदस्यों ने खड़े गणेश जी और श्रीनाथपुरम महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना कर यात्रा प्रारम्भ की। जत्था 1 अगस्त को उज्जैन पहुंचेगा। जहां महाकाल से धन्य धान्य और समृद्धि की कामना करेंगे। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष ओम मेहता, युवा इकाई अध्यक्ष मनीष मेहता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक मेहता, सह सचिव अनिल मेहता, विनोद राठौर, कुसुमलता मेहता, राहुल मेहता समेत कई लोग मौजूद रहे।



दैनिक बढ़ता राजस्थान

## पर्यावरण संतुलन वृक्षारोपण से ही संभव-राधेश्याम मीणा

बढ़ता राजस्थान



भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। बढ़ते हुए प्रदूषण से देश ही नहीं विश्व में सभी चिंतित है इसके लिए पर्यावरण संतुलन होना अति आवश्यक है पर्यावरण संतुलन तभी संभव है तब अधिक से अधिक पौधे लगाए जाकर उनका रखरखाव करें, जिससे सभी जीवो को प्राणवायु, नभचरो को रेन बसेरा एवं क्षेत्र में मानसूनी बरसात अधिक से अधिक हो सके। यह कहना है भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा का। मीणा भुसावर उपखंड कार्यालय पर वृक्षारोपण कर आमजन को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनका रखरखाव रखने के लिए प्रोत्साहित कर रहे थे ।इस अवसर पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राम सिंह , वरिष्ठ सहायक नितिन पाण्डेय् , स्थानीय पशु चिकित्सा के अधिकारी प्रभारी डॉ विजय पहाड़िया सहित इस मुहिम से जुड़े अनेक लोगों उपस्थित रहे।

## विधायक के नेतृत्व में 251 पौधे लगाकर पर्यावरण कार्यक्रम का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संपूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे वन्य एवं पर्यावरण अभियान के तहत गैर विधानसभा क्षेत्र के भुसावर शहर मंडल द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाजपा विधायक बहादुर सिंह कोली की अगुवाई में 251 पौधे लगाकर पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर मंडल अध्यक्ष धीरज पाण्डेय् ने की। समस्त उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके रखरखाव की शपथ ली। इस अवसर पर अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सतेंद्र चौधरी जिला उपाध्यक्ष रज्जन सिंह महुआ ,दामोदा पहलवान कुलदीप शर्मा ,भूपेश पांडे ,शशि ,महेश, गौरव सैनी ,सुमित पंडित तथा पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीयूईटी के माध्यम से स्थानीय कृषि महाविद्यालय के तीन छात्रों का उच्च शिक्षा के लिए हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** कृषि महाविद्यालय भुसावर के तीन विद्यार्थियों का स्नातक स्तर की सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 में चयन हुआ है । महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली यह एक प्रतिष्ठित परीक्षा है, इस सीयूईटी नाम से जाना जाता है। कृषि महाविद्यालय भुसावर के छात्र गोपी यादव, तरूण पारीक व विशाल वुट्टी का इस राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में चयन हुआ है। ज्ञातव्य है कि कृषि महाविद्यालय भुसावर का यह पहला स्नातक बैच है। नया महाविद्यालय होने के कारण यहाँ मूलभूत शैक्षिक सुविधाओं का अभाव रहा है। लेकिन योग्य प्रोफेसरों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की कडी मेहनत व लग्न से यह कीर्तिमान स्थापित हुआ है। अभी सीयूईटी की अतिरिक्त चयन सूचियाँ आना शेष है, उनमें यहाँ के अन्य विद्यार्थियों के चयन की सम्भावना है।

## लोग बोले- नरहट फतेहपुर रोड के जरिए 25 से 30 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ रहा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** चंबल और पार्वती नदी अपने विकराल रुप मे आ गई है। शनिवार को पार्वती बांध के 10 गेट खोलकर पानी निकासी के चलते मनियां उपखंड के जसूपुरा, शाहपुर, गन्हे दी पंचायत के लगभग 50 गांवों का रास्ता अवरोधित हो गया है। पुल नहीं होने से इन गांव का संपर्क मुख्यालय से टूट गया है। इन गांवों के लोगों को जिला मुख्यालय जाने के लिए बरैठा पुल के रास्ते या नरहट फतेहपुर रोड के जरिए 25 से 30 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ रहा है। जसुपुरा शाहपुरा हरदयालपुरा कुसैडा त्यागी, कुसैडा गुजरान, श्याम का पुरा, रत्ना का पुरा, मेडी का पुरा, पदमाका पुरा, इच्छापुरा, पीलूआ तिहैयापुरा साला गोसाई राधे का पुरा नागर घेर गन्हेदी, अजीत का पुरा, बीच का पुरा आदि गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया हैं। गांव के गन्हेदी के बबलू और जसुपुरा के राजकुमार ने बताया कि अब रास्ता भी पूरी तरह जलमग्न है। चारों पंचायत के लोगों ने कई बार पार्वती नदी पर पुल के निर्माण के लिए मांग की। लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया हैं। पार्वती कैचमेंट एरिया में अत्यधिक वर्षा होने के कारण अब आगमन पूरी तरह बंद हो गया। किसानों की फसल भी पानी मेंडूब गई है, अब पशुओं के लिए चारा और अनाज की चिंता किसानों को सता रही है।

## कंचनपुर पंचायत में राजीविका महिलाओं की नई पहल

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पंचायत कंचनपुर में राजीविका महिला सीएलएफ से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित खाद्य मसाले एवं पैकेजिंग मशीन सहित नवस्थापित दुकान का मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजीविका समूह राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। ग्रामीण स्तर पर महिलाओं द्वारा राज्य सरकार के सहयोग से दैनिक जीवन की जरूरतों से सम्बंधित उत्पाद बनाना सराहनीय है। अब आवश्यकता इस बात की है कि न केवल उत्पाद के निर्माण कराया जाए बल्कि इनके ब्रांडिंग व मार्केटिंग पर भी ध्यान देकर कार्य किया जाए। साथ ही जूट इत्यादि के घरेलू उत्पादों को भी प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने सहेली शक्ति महिला सीएलएफ द्वारा संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई एवं सीएलएफ कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके साथ ही सीएलएफ भवन हेतु पुराने स्वास्थ्य केंद्र के भवन का भी अवलोकन किया गया ।कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका भूपेश गर्ग, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक राहुल अरजारिया, सीएलएफ प्रबंधक यशोदा, जिला प्रबंधक रवि, अनिल, धनंजय, क्षेत्रीय समन्वयक सोनू यादव, पूजा, एमआईएस रघुनाथ सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

# पत्रकार पर हमले की घटना को लेकर रोष

### आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड आधिकारी को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



भुसावर(यतेन्द्र पाण्डेय) । सिरोही जिले के माउंट आबू में पत्रकार के साथ नगर पालिका कर्मियों द्वारा की गई मारपीट के विरोध में इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के भुसावर वैर तहसील अध्यक्ष रमाकांत लाटा के नेतृत्व में तहसील इकाई द्वारा मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सिरोही जिले के माउंट आबू में एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय घटना सामने आई, जिसने न केवल पत्रकारिता जगत को झकझोर कर रख दिया, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी सीधा आघात किया है।

एक समाचार पत्र के संवाददाता हरिपाल सिंह उखरडा ने एक समाचार में नगरपालिका अधिकारी का पक्ष जानने के उद्देश्य से माउंट आबू नगरपालिका कार्यालय पहुंचे थे। उसी समय वहां उपस्थित निलंबित सफाई निरीक्षक श्याम जणवा, सफाई निरीक्षक प्रवीण राजपुरोहित तथा सफाईकर्मी विक्रम चौहान ने एक राय होकर संवाददाता पर जानलेवा हमला किया। आरोपियों ने पत्रकार के साथ लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की। उनकी गले की सोने की चैन, जेब में रखे 2500 रुपये, तथा मोबाइल फोन भी लूट लिया। इस पूरी घटना का वीडियो मौके पर मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी ने बनाया। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। पूरे पत्रकार समुदाय में रोष का विषय बना हुआ है। पीड़ित पत्रकार द्वारा माउंट आबू पुलिस थाने में एफ आईआर 1 जुलाई को दर्ज करवाई गई है लेकिन तीनों कार्मिकों के खिलाफ पुलिस द्वारा संतोषजन कार्यवाही नहीं की गई है।

आईएफडब्ल्यूजे राजस्थान इस हमले की कड़ी निंदा करता है। मुख्यमंत्री से मांग करता है कि तीनों आरोपी कार्मिकों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, बिना सक्षम स्वीकृति के मुख्यालय छोड़कर माउंट आबू आकर घटना कारित करने वाले इन कर्मचारियों को सरकारी सेवा से बर्खास्त किया जाए, प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए ऐसे मामलों अपनाई जाए तथा पत्रकारों पर आये दिन हो रहे हमलों को देखते हुये राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाये। उपखंड अधिकारी की अनुपस्थिति में कार्यालय के वरिष्ठ सहायक नितिन पाण्डेय् को ज्ञापन सोपा।

इस आवसर पर शुभम गुप्ता ,राजेश पचौरी, अतर सिंह पौडवाल, मोहन जोशी, हरदेव कटारिया, हिमांशु पचौरी आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

## बिजली चोरी रोकने को लेकर शहर में डिस्कॉम का ततैया अभियान

### कहार गली और चंवरिया पाड़ा में चार घरो में पकड़ी बिजली चोरी,दो लाख का जुर्माना ,चोरी की बिजली से एसी और हैवी उपकरण चलाने को रोकने पर फोकस

बढ़ता राजस्थान



बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर में बिजली चोरी रोकने को लेकर डिस्कॉम का ततैया अभियान लगातार जारी है। जयपुर विद्युत वितरण निगम की कमांडर आरती डोगरा की धौलपुर बैठक के बाद डिस्कॉम के अधिकारी लगातार कार्यवाही में जुटे हैं।

सोमवार की शाम शहर के कई मोहल्लों में डिस्कॉम की टीम ने कार्रवाई की। जहां चार घरों में बिजली चोरी पकड़ी। ऐसे में चार उपभोक्ताओं के खिलाफ वीसीआर भरी गई और करीब दो लाख रुपये का जुर्माना किया गया। कई मोहल्लों में लोगों के विरोध को देखते हुए पुलिस का सहयोग लेकर कार्रवाई की गई है। बाड़ी डिस्कॉम के सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया कि डिस्कॉम की टीम ने शहर के चंवरिया पाड़ा,कहार गली,मुंशी चौराहा सहित मछली मार्केट के आसपास के क्षेत्र में कार्रवाही की है। जहां चार बिजली चोरों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। जिन पर करीब दो लाख का जुर्माना किया गया है। यह सभी डोमेस्टिक कंज्यूमर है। जिनके यहां पर बिजली चोरी हो रही थी। सभी के घरों पर चोरी की बिजली से एसी का उपयोग किया जा रहा है। ऐसे में उनकी वीसीआर भरी गई है।सिटी जेईएन जगदीश मीणा ने बताया की बिजली चोरों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। ततैया टीम शहर के अलग-अलग मोहल्लों में जाकर बिजली चोरी रोकने का प्रयास कर रही है। ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। जिन लोगों के यहां बिजली चोरी कर एसी एवं अन्य हैवी विद्युत उपकरण उपयोग में लिए जा रहे हैं। उन पर कार्रवाई में फोकस किया जा रहा है।

आधे से अधिक शहर में बिजली चोरी

एक लाख की आबादी वाले बाड़ी शहर में करीब 25000 घर हैं। जबकि बिजली कनेक्शन दस हजार भी नहीं है। ऐसे में आधे से अधिक शहर में लोग चोरी की बिजली का उपयोग कर रहे हैं।

डिस्कॉम के अधिकारियों को नागरिकों से अपील है कि वह मुख्यधारा से जुड़े और बिजली कनेक्शन ले। किसी भी स्थिति में चोरी की बिजली का उपयोग नहीं करें अन्यथा उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## सतत विकास लक्ष्य-2030 के सफल क्रियान्वयन हेतु समन्वयात्मक बैठक सम्पन्न

### जिला कलेक्टर ने दिए दिशा-निर्देश, %कोई पीछे न रहे% सिद्धांत को बताया मूलमंत्र



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** सतत विकास के लक्ष्य-2030 के क्रियान्वयन और विभागीय समन्वय की दृष्टि से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार (वी.सी. कक्ष) में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर एवं एस.डी.जी. अध्यक्ष कमल राम मीना ने की। बैठक में सतत विकास के 17 लक्ष्यों की सामान्य जानकारी, जिले की स्टेटस रिपोर्ट के संकेतकों और लक्ष्यों को प्राप्त करने में विभिन्न विभागों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने अपने संबोधन में एस.डी.जी. के तीन मूल सिद्धांत - %कोई पीछे न रहे%, सार्वभौमिकता और एकीकृत दृष्टिकोण पर बल देते हुए कहा कि अत्यधिक वंचित वर्ग जैसे गरीब, महिलाएं, बालिकाएं, एवं दिव्यांगजनों तक विकास की पहुंच प्राथमिकता में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सतत विकास के पाँच स्तंभ - आमजन, पृथ्वी, समृद्धि, शांति और भागीदारी - के आधार पर योजनाओं की समीक्षा और क्रियान्वयन आवश्यक है। जिला कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से प्रत्येक इंडिकेटर को भली-भांति समझने व उसके अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में उपनिदेशक एवं सदस्य सचिव (एस.डी.जी.) आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग श्री फूल सिंह द्वारा जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के योगदान और रिपोर्टिंग व्यवस्था की जानकारी दी गई।बैठक में पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त सीईओ जिला परिषद, नगर निकायों के आयुक्त/अधिशासी अधिकारी, सीएमएचओ, डीएफओ, पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, विद्युत, जिला उद्योग केन्द्र, कृषि, सामाजिक न्याय, माडा, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, रोजगार, बैंकिंग, रसद, आईटी, श्रम, एवं सांख्यिकी विभाग सहित समस्त संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के अंत में पंच गौरव योजना से संबंधित बिंदुओं पर भी चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में समर्पित भाव से कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री मोहनलाल खटनावलिया,सहायक सांख्यिकी अधिकारी मास्टर ट्रेनर यज्ञेश मिश्रा प्रभारी एसडीजी गुलशन मनवानी सांख्यिकी निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## लगातार जारी मानसूनी बारिश का दौर थमा तो शुरू हुए राहत कार्य

### संत नगर पुलिया पर मेंटेनेंस का कार्य हुआ शुरू ,एक-दो दिन में शुरू होगा आवागमन, सरमथुरा रोड बामनी नदी के पुल के पास भी पानी की जेसीबी से निकासी

बढ़ता राजस्थान



बाड़ी (राजू शर्मा)। पिछले सप्ताह तक उपखंड क्षेत्र में लगातार हुई मानसूनी बारिश के चलते जहां नदी नालों में उफान आ गया वहीं उपखंड के सभी बांध भी ओवरफ्लो होकर झलक गए। ऐसे में शहर और उपखंड क्षेत्र के ग्रामीण एरिया में जल भराव की समस्या पैदा हो गई। वहीं कई रास्तों पर पानी भराव होने और नदियों के उफान पर आने से पुलिया एवं पुल क्षतिग्रस्त हो गए।

शहर के संत नगर आश्रम के पास स्थित पुलिया के एक हिस्से को तो बामनी का तेज बहाव अपने साथ ही बहाकर ले गया। ऐसे में पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाने से रास्ता बंद कर दिया गया। उक्त पुलिया पर एक युवक के हादसे में मौत का मामला भी सामने आया। वही निधारा गांव के पास बामनी की रपट पर रास्ता निकलते समय युवती बह गई जिसकी मौत हो गई।18 जुलाई शुक्रवार से मानसूनी बारिश थमी है और लगातार बारिश से लोगो को राहत मिली है। पिछले चार दिन से उपखंड क्षेत्र में बारिश नहीं हुई। ऐसे में अब प्रशासन द्वारा क्षतिग्रस्त स्थानों पर मरम्मत कार्य कराए जा रहे है।तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया की संत नगर की क्षतिग्रस्त पुलिया पर पत्थर के बड़े ब्लॉक डालकर मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। जिससे पुलिया पर फिर से आवागमन शुरू हो सके। इसके लिए पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता की मौजूदगी में ग्राम पंचायत उमरेह के सरपंच एवं अन्य कार्मिक कार्य में जुटे है। एक-दो दिन में पुलिया से यातायात फिर से शुरू कराया जाएगा लेकिन भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। वहीं शहर के सरमथुरा रोड पर बामनी नदी के पुल के पास पुलिया पर जो पानी भरा हुआ है और जिससे खेतों का रास्ता बंद है। वहां जेसीबी से रास्ता दुरुस्त कराया जा रहा है। बाड़ी शहर की ओर से जा रहे हैं नाले के पानी को भी डायवर्ट किया है। जिससे खेतों की ओर जाने वाले किसानों को रास्ता मिल सके। अंदाना पैलेस के बगल से होकर लाहोरिया पुरा को जाने वाले रास्ते पर भी मेंटेनेंस का काम चल रहा है। यहां गुहेरा नाला अवरुद्ध होने से कई कॉलोनियों में जलभराव हुआ था।

# ब्यावर पुलिस थाने पर महिला ने लगाए गंभीर आरोप, पुलिसकर्मियों पर मारपीट और अभद्रता का आरोप

बढ़ता राजस्थान



ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। मसूदा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला श्रीमती सायरी पत्नी शोकिन मेहरात ने पुलिस थाना ब्यावर सदर के पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 21 जुलाई 2025 को पारिवारिक विवाद की शिकायत लेकर वह अपनी बहन रोशनी और दामाद खुदाबरुश पुत्र देवी मेहरात के साथ पुलिस थाना ब्यावर सदर पहुंची थी।

महिला का कहना है कि उसने अपनी शिकायत थाना प्रभारी विनोद को सौंपी, जिन्होंने उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए उन्हें थाने से वापस भेजा। लेकिन उसी दौरान जैसे ही वह थाने से बाहर निकल रही थी, पुलिसकर्मी ब्रजेश दीवान ने उन्हें रोककर गाली-गलौच शुरू कर दी। दीवान ने कथित तौर पर पुरानी शिकायत का हवाला देते हुए महिला और उसके परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार किया।

महिला के अनुसार जब उसका दामाद खुदाबरुश बीच-बचाव के लिए आया, तो ब्रजेश दीवान ने उसे पकड़कर थाने के अंदर ले जाकर मारपीट की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। महिला ने आरोप लगाया कि जब उसने विरोध किया तो उसे धक्का देकर बाहर निकाल दिया गया। इस दौरान सिपाही रामकिशन और प्रकाश ने भी कथित रूप से दुर्व्यवहार किया और गाड़ी की चाबी छीन ली।

सायरी ने बताया कि इन पुलिसकर्मियों ने गाड़ी को चोरी की बताकर धमकी दी और फिर थाने में मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों व लोगों ने डराने-धमकाने का प्रयास किया। भय के चलते महिला और उसके दामाद ने पुलिसकर्मियों से माफी तक मांगी, लेकिन इसके बावजूद खुदाबरुश को हवालात में डाल दिया गया।

सायरी के अनुसार, शाम करीब 6־30 बजे जब दामाद का भाई अन्ना (जो विदेश से हाल ही में लौटे हैं) थाने पहुंचे, तब रामकिशन दीवान ने 15,000 रुपये लेकर ही उन्हें न्यायालय में पेश किया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो चुका होगा और यदि जांच में उसके आरोप झूठे साबित हों तो वह उम्रकैद की सजा भुगतने को भी तैयार है।

सायरी ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि थाना ब्यावर सदर के ब्रजेश दीवान, रामकिशन और प्रकाश के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उसे न्याय दिलाया जाए। यह मामला पुलिस की कार्यशैली और आम नागरिकों के साथ उनके व्यवहार पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

इनका कहना है :

सदर थाने के थानाधिकारी गजराज चौधरी ने कहा कि खुदाबख्श सदर थाने का हिस्ट्रीशीटर है शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था, बाद में उसे उप जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां तक ब्रजेश दीवान नाम का बताया जा रहा है उस नाम का थाने में कोई भी कांस्टेबल, हैड कांस्टेबल आदि तैनात नहीं है।

**गजराज चौधरी, वृत्त निरीक्षक सदर थाना, ब्यावर**

# भारत की सबसे खूबसूरत मैराथन, वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन का दूसरा संस्करण 21 सितंबर को

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** दुनिया की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन के दूसरे संस्करण की घोषणा की। यह मैराथन 21 सितंबर 2025 को उदयपुर, राजस्थान में आयोजित होगी। अपने पहले संस्करण की शानदार सफलता के बाद, यह मैराथन पूरे भारत के प्रतिभागियों को फतेह सागर झील और अरावली पहाड़ियों के खूबसूरत नजारों के बीच एक अविस्मरणीय दौड़ का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करती है। इस दौड की विशेषता यह है कि फतेह सागर झील और अरावली पहाड़ियों के बीच होगी जो कि प्रतिभागियों के लिए सुप्रससिद्ध फतेह सागर झील और अरावली पहाड़ियों के मार्ग का यादगार अनुभव होगा। उल्लेखनीय है कि पहले संस्करण में वैश्विक और भारतीय एलीट धावकों और शौकिया धावकों सहित 5,200 से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया था। वेदांता जिंक सिटी हॉफ मैराथन में दौड़ने वालों के लिए हाफ मैराथन 21 किलोमीटर, कूल रन 10 किमी, ड्रीम रन 5 किमी और रेस विद चैंपियंस शामिल होगी, जिसमें विशेष रूप से सक्षम बच्चे भी भाग लेंगे। वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन को एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस द्वारा आधिकारिक तौर पर प्रमाणित किया गया है, जिससे इसे एक लिस्टेड अंतर्राष्ट्रीय आयोजन के रूप में वैश्विक पहचान मिली है। यह मैराथन सभी के लिए है और उदयपुर को दुनिया के रनिंग मैप पर एक उभरते हुए शहर के रूप में स्थापित करती है। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागी 31 जुलाई तक पंजीकरण पर 30 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकते है। इसका उद्धेश्य गत वर्ष की भावना को आगे बढ़ाते हुए सामुदायिक भावना को मजबूत करना और स्वास्थ्य और फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस वर्ष, हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा और अधिक भागीदारी बढ़ाने और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए मैराथन से पहले कॉर्पोरेट्स, गैर-सरकारी संगठनों और रनिंग समूहों के साथ बैठक आयोजित की जा रही है। मैराथन में बहुत पसंद की जाने वाली रेस विद चैंपियंस भी शामिल होगी, जहां विशेष रूप से सक्षम बच्चे एक विशेष दौड़ में भाग लेंगे और उन्हें सम्मानित किया जाएगा, जो समावेशिता का अवसर होगा। इस दौड़ में प्रतिभागिता



हेतु हिन्दुस्तान जिंक पूरे देश से धावकों को उदयपुर आमंत्रित करता है, जो विश्व के मैराथन धावकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। मैराथन का यह सीजन वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन से शुरू होगा, इसके बाद अक्टूबर में वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन और दिसंबर में जयपुर में वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन के साथ समाप्त होगा।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित, फ्लैगशिप योजनाओं की भी हुई समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा,( अमित शर्मा )।** आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तैयारियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करने और समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है, इसलिए तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने झंडारोहण समारोह, कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, सजावट, पारितोषिक वितरण, सामूहिक योगाभ्यास, परेड, यातायात नियंत्रण और आपातकालीन सेवाओं की समुचित तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सभी विभागों से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए कार्यक्रम को गरिमामय, भव्य और अनुशासित रूप से संपन्न कराने को कहा।

### फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में आवास निर्माण की स्थिति, मिशन इन्द्रधनुष के तहत बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की प्रगति, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति और पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को दी जा रही वित्तीय सहायता की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने की स्थिति, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत जारी कार्डों की संख्या, पीएम किसान योजना और विश्वकर्मा योजना की प्रगति की भी जानकारी ली गई। साथ ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक प्रचार-प्रसार कर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

## ब्लॉक स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ कपासन ने दमनात्मक कार्यवाहियां तत्काल बंद करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** पंचायती राज मंत्रालयिक कार्मिकों द्वारा दमनात्मक कार्यवाहियां तत्काल बंद हो उक्त सम्बन्ध में क्षेत्रीय पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को मुख्यमंत्री,पंचायतीराज मंत्री,मुख्य सचिव एवं शासन सचिव आयुक्त पंचायतीराज के नाम विकास अधिकारी कपासन मुकेश पोरवाल को ज्ञापन देकर जताया आक्रोष व्यक्त किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष माधवलाल नायक ने बताया कि पंचायत समिति कपासन ब्लॉक स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में पदस्थापित 16 हजार मंत्रालयिक कर्मचारियों की व्यथा तथा न्याय मांगने पर दमनात्मक कार्यवाही वह भी प्रतिद्वंद्वी संगठन के इशारे मात्र पर कैडर रिव्यू एवं स्वतंत्र जॉब-चार्ट की मांग पर उनके नेतृत्व के प्रति पंचायती राज विभाग का पक्षपातपूर्ण रवैये के चलते व्यथित उक्त कर्मचारियों में आंदोलन होने की स्थिति हो गयी है।केवल मात्र केडर विशेष के इशारों पर 2013 के नियुक्त कार्मिकों के वैद्य दस्तावेजों की

### छः-छः बार जांच कराकर नाहक पर परेशान किया जा रहा है।

गौरतलब है कि उक्त मामलों की जांच पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार विभाग के तीन-तीन आईएएस अधिकारियों के निर्देशन में हो चुकी तथा शिकायत को सारहीन पाया गया।मंत्रालयिक नेतृत्व पर दमनात्मक कार्यवाहियां तत्काल बंद करने की मांग मंत्रालयिक कार्मिकों द्वारा ज्ञापन में की गयी है। उक्त ज्ञापन प्रक्रिया दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाशचंद्र गर्ग, माधवलाल नायक, ब्लॉक अध्यक्ष गौपाललाल गौड़,भारत खिंची, आशीष त्रिपाठी, देवीलाल चौधरी, आशीष शर्मा, प्रकाशचंद्र गर्ग, ललिता त्रिपाठी,सागर सक्सेना आदि क्षेत्रीय मंत्रालयिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता तेली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा,( अमित शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट लादू लाल तेली ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से जयपुर स्थित आवास पर मुलाकात कर विभिन्न विषयो पर चर्चा की। भीलवाडा भाजपा के पुर्व जिलाध्यक्ष तेली ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात में राजस्थान



सरकार द्वारा युवाओ को रोजगार देने के लिये वार्षिक कलेण्डर के साथ रोजगार के राजकीय व निजी क्षैत्रो में किये जा रहे प्रयासो की सराहना करते हुये वन्दे भारत जल सरंक्षण अभियान, एक पेड़ मां के नाम सहित विभिन्न प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाओ के बारे में सुझाव दियें। साथ ही तेली ने मुख्यमंत्री से भीलवाडा जिले के राजनितिक परिदृश्य व प्रशासनिक व्यवस्थाओ के साथ विकास की योजनाओ के बारे मे बताया और भीलवाडा शहर में यातायात की समस्या को देखते हुये ऐलीवेटेड पुलियाओ की आवश्यकता बताते हुये बारिस के समय में रेल्वे अण्डरब्रिजो में पानी भरने की समस्या से निजात दिलाने की मांग की।

## न्यायिक कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन सामुहिक अवकाश जारी : निकाली वाहन रैली

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ द्वारा समस्त अधीनस्थ न्यायालयों के कर्मचारियो द्वारा कर्मचारियो के केडर पुर्नगठन की मांग को लेकर सभी न्यायिक कर्मचारी शुक्रवार से अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर है। जिसके तहत चित्तौड़गढ़ के न्यायिक कर्मचारीगण् 22 जुलाई मंगलवार को भी सामुहिक अवकाश पर रहे। मंगलवार को भदेसर सहित अन्य मुख्यालयों के न्यायिक कर्मचारियों ने भी जिला मुख्यालय पर धरना स्थल पर सम्मिलित होकर समर्थन किया। बाद में न्यायिक कर्मचारियों ने न्यायालय परिसर से कलक्ट्रेट तक वाहन रैली निकालकर अपनी मांगो को लेकर जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रवक्ता राजेश व्यास ने बताया कि अधीनस्थ न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पदस्थापित सामान्य संवर्ग और आशुलिपिक संवर्ग का केडर पुर्नगठन राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 25.05.2022 व 04.10.2022 के परिपेक्ष्य में किया जाना है उक्त अधिसूचना का प्रस्ताव राजस्थान उच्च न्यायालय में बनाकर माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर की फुल बेन्च से पास करवाकर व संबंधित जिला न्यायालय लिपिकवर्गीय संस्थापन नियम 1986 भी संशोधित करवाकर दिनांक 06.05.2023 को राज्य सरकार को भेजा जा चुका है, परन्तु आज दो वर्ष पश्चात् भी राज्य सरकार द्वारा

## केवट नगर के पास हाईवे पर हुआ हादसाः दो ट्रेलर आमने सामने की भिड़ंत में दो जने घायल, बून्दी रैफर

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां( टी.आर सैनी )।** थाना क्षेत्र के एनएच 148डी केवट नगर के पास अलसुबह दो टेव्रलर आमने सामने की भिड़ंत के बाद अनियंत्रित होकर खाई में गिर गये। जिसमें एक ट्रेलर के चालक एंव परिचालक के चोटे आई है। 108 ऐम्बूलेंस की मदद से उपजिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। जहां से दोनो को बून्दी रैफर किया गया है। ऐसे हुआ हादसा- एनएच 148डी हाईवे पर सवेरे 6 बजे करीब कोटा से जयपुर की ओर जाने वाले ट्रेलर का एकाएक टायर फट गया जिससे अनियंत्रित होकर ट्रेलर गलत साइड में आ गया। दूसरी ओर जयपुर से कोटा की ओर जा रहा ट्रेलर सामने आ गया। दोनो के बीच हुई भिड़ंत के बाद दोनो ट्रेलर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गये। एक ट्रेलर 11केवी के विधुत टॉवर से टक्रा गया। जहां पर एक टापरी में बनी दूकान भी ट्रेलर की चपेट में आ गई। एकाएक हुआ हादसे को लेकर मौके पर ग्रामीणो की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणो ने एक ट्रेलर की केबिन में फंसे हुए शोकत पुत्र इब्राहिम निवासी बदाका गांव हरियाणा, तालीफ हुसैन पुत्र हुसैन खां निवासी नेमबदाखा हरियाणा घायल हो गये। दूसरे ट्रेलर में ग्रेडिंग के गेहू भरे हुए थे। हादसे के बाद चालक एंव परिचालक मौके से फरार हो गये। सुचना पर हैड कॉस्टेबल सूरजमल मौके पर पहुंचे एंव हादसे की जानकारी ली गई।



हादसे के बाद बंद हुई विधुत आपूर्ति- केवट नगर के पास हाईवे पर हादसे में एक ट्रेलर लोहे के टॉवर पर गिर जाने से टॉवर नीचे से टूट कर तिरछा हो गया। 11 केवी के तार पेड़ो पर गिरने से एकाएक चिंनगारिया उठाना शुरू हो गई। हाईवे से गुजरने वाले वाहनो को भी कुछ तक रोका गया जिससे मौके पर जाम जैसे हालात पैदा हो गये। हादसे की जानकारी होने पर विधुत विभाग के कार्मिको द्वारा 11 केवी के तार को काट कर विधुत आपूर्ति बंद करवाई गई। लेकिन दिन भर विधुत आपूर्ति बंद होने से ग्रामीणजन पेयजला पूर्ति के लिए तरस गये। मामले की जानकारी विधुत विभाग के सहायक अभियंता गोविंद से लेने पर बताया कि नया टॉवर लगाये जाने के बाद ही विधुत आपूर्ति बहाल की जायेगी फिलहाल विधुत कार्मिक इसी प्रकरण की कार्यवाही में लगे हुए है,शीघ्र ही विधुत आपूर्ति बहाल की जायेगी। वहीं थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि हाईवे पर हुआ हादसे को लेकर अभी तक पुलिस में किसी ने भी परिवाद नहीं दिया गया है।

## टीम वर्क और अच्छे व्यवहार से बेहतर पुलिसिंग, नवागत एसपी ने कार्यभार संभाला

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राज्य सरकार एवं पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं की अनुपालना के साथ स्थानीय परिस्थितियों के मध्य नजर बेहतर कानून व्यवस्था और आमजन में विश्वास व सुरक्षा की भावना पहली प्राथमिकता रहेगी। यह बात नवनियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने मंगलवार दोपहर को पदभार ग्रहण करते हुए कही। नवनियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने दोपहर लगभग तीन बजें पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व कार्यालय पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस को भी आमजन के सहयोग की अपेक्षा रहेगी ताकि कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए अच्छा से अच्छा कार्य किया जा सके। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सरिता सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला, उप अधीक्षक मुख्यालय विनय चौधरी, उप अधीक्षक ग्रामीण शिवलाल टेलर सहित थानाधिकारियों द्वारा उनकी अगवानी की गई। इस मौके पर अनौपचारिक वार्ता के दौरान नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक त्रिपाठी ने कहा कि टीम वर्क तथा अच्छे व्यवहार से जटिल से जटिल कार्य भी आसानी से संपादित किया जा सकता है। उन्होने कहा कि यदि जरूरत महसूस की गई तो सिस्टम को इम्प्रूव करने की संभावनाओं को भी तलाशा जायेगा।

## विधायक के निर्देशन में धमाणा-कपासन फीडर के गेट खोले गये

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्रीय विधायक जीनगर के निर्देशन में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ धमाणा कपासन फीडर के गेट मंगलवार को खोले गये। भाजपा युवा मोर्चा कपासन अध्यक्ष विकास बारेगामा ने बताया कि विधायक अर्जुनलाल जीनगर के निर्देशानुसार मंगलवार दोपहर 2 बजे समीपवर्ती क्षेत्र रेलमंगरा के ग्राम जीतावास के समीप स्थित बनास नदी पर बनी कपासन धमाणा फीडर के गेट पूर्व जिला परिषद सदस्य लक्ष्मीलाल जीनगर,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र कोठारी,भाजपा मंडल अध्यक्ष राशमी सुरेश जाट,कपासन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर,नगर महामंत्री सोहनलाल खटीक,पवन भट्ट बामणिया,देवेंद्र जायसवाल,प्रकाश जाट,रामचंद्र जाट,मोहन जाट जीतवास सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी,स्थानीय कृषक एवं फीडर इंचार्ज निर्भय सिंह की उपस्थिति में फीडर के गेट खोले गये।इस दौरान कपासन के पंडित राजू व्यास द्वारा विधिवत एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न होने के उपरांत गेट खोले गये।

## सूफी संत एवं कोमी एकता के प्रतीक हजरत दीवाना शाह के प्रमुख शिष्य मांगीलाल व्यास परिवार के सदस्यों ने परंपरानुसार जन्मोत्सव मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** सूफी संत एवं कोमी एकता के प्रतीक हजरत दीवाने शाह साहब का जन्मोत्सव यौमे पैदाईश 25 मोहर्रम सोमवार को मोमीन मोहल्ला स्थित कुटिया पर हजरत दीवाना शाह के प्रमुख शिष्य मांगीलाल व्यास परिवार के सदस्यों के सानिध्य में परंपरानुसार मनाया गया। व्यास परिवार कपासन के प्रतिनिधि भूवनेश व्यास ने बताया कि सोमवार को मोमीन मोहल्ला स्थित हजरत दीवाना शाह की कुटिया पर अलम झंडा चढ़ाया तथा महफिले मिलाद पढ़ी गयी। जिसमे हिंदू मुस्लिम एकता के प्रमुख सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन



चिश्ती की शान में रब का हर एक वली सुंदरम सुंदरम,मेरे ख्वाजा अति सुंदरम सुंदरम कलाम पेश किया गया।इसके बाद महफिले समां कार्यक्रम एवं कव्वाल पार्टियों द्वारा सूफियाना कव्वालिया प्रस्तुत की गयी। इस दौरान महफिले मिलाद के बाद बैण्ड बाजों की मधुर स्वर लहरियों एवं ढोल ताशों की गुंज के साथ मांगीलाल व्यास परिवार के सदस्यों एवं हिन्दू-मुस्लिम अनुयायियों द्वारा कुटिया पर अलम पेश कर देश-प्रदेश में अमन-शांति एवं सौहार्दपूर्ण भाईचारे की दुआ मांगी गई। यहां जन्मोत्सव के अवसर पर दीवाना शाह साहब की कुटिया सुबह नौ बजे से दिनभर श्रद्धालूओं के दर्शनों हेतु खुली रही तथा कुटिया पर दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस मौके पर व्यास परिवार की ओर से कुटिया को फूल-मालाओं से आकर्षक सजावट कर सजाया गया। इस अवसर पर सूर्यप्रकाश व्यास, सत्यप्रकाश व्यास, छोटू व्यास, सैयद असगर अली, सैयद शरीफ अली, नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन, नपा पार्षद अकील शाह, पूर्व पार्षद अशफाक तुर्कीया, ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,अभिषेक व्यास, श्रीप्रकाश व्यास, अविनाश व्यास, सिद्धार्थ व्यास,यश व्यास, मयंक व्यास आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुटिया प्रबंधक व्यास परिवार द्वारा तहसीलदार कपासन एम नासिर बैग मिर्जा, थानाधिकारी रतन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता नीलोफर आदि गणमान्यजनों का श्रीफल बैठकर अभिनंदन किया गया।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित

### सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा,( अमित शर्मा )।** वरिष्ठ नागरिक मंच (संस्थान) भीलवाड़ा व चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में आयुष्मान भारत योजना एवं प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए रजिस्ट्रेशन एवं ई-केवाईसी शिविर का आयोजन वरिष्ठ नागरिक भवन, गायत्री मन्दिर के पास, लव गार्डन रोड पर किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा देना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। वरिष्ठजनों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें स्वास्थ्य की सुरक्षा प्रदान करने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। इस तरह के पंजीयन शिविर उनके सम्मान और सुविधा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों का पीएमजेएवाई आयुष्मान कार्ड हेतु ई-केवाईसी पंजीयन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री वय वंदन योजना आयुष्मान कार्ड के जरिए 70 वर्ष और इससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उपचार, जांच व दवाईयां नि:शुल्क




सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मंच के पदाधिकारियों ने लाभार्थियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी करवाए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक मंच (संस्थान) से मदन खटोड़, श्याम कुमार दाड़, कृष्ण गोपाल सोमानी, कैलाश पुरोहित व बिना खटोड सहित चिकित्सा विभाग से बीपीओ कुलदीप शर्मा, डीपीसी (आयुष्मान योजना) प्रदीप दाधीच व अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं वरिष्ठ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

"विफलता के बारे में चिंता मत करो, आपको बस एक बार ही सही होना हैं "

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# मुख्यमंत्री ने केकड़ी में किए लोकार्पण-शिलान्यास

**प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का हो रहा तेजी से क्रियान्वयन, राज्य सरकार हरियाली तीज के दिन करेगी सघन वृक्षारोपण, गरीब, किसान, युवा एवं महिला का उत्थान हमारी प्राथमिकता - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा - मुख्यमंत्री ने केकडी विधानसभा क्षेत्र में 1 हजार करोड रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-शिलान्यास**

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से क्रियान्वित कर रही है। राज्य सरकार के दोनों बजट में 200 विधानसभा क्षेत्रों के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया गया है जिससे आज प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए हम हर संभव कदम उठाएंगे जिससे विकसित भारत-विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को साकार किया जा सके।

शर्मा मंगलवार को अजमेर के केकडी में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सावन के पवित्र महीने में हो रही अच्छी बारिश प्रदेश में धन-धान्य, खुशहाली एवं समृद्धि आने का शुभ संकेत है। हमने पिछले वर्ष यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए हरियाली तीज पर हरियालो राजस्थान की शुरूआत की और पिछले वर्ष हमने साढे सात करोड पौधे लगाए। अब इस वर्ष प्रदेश में 10 करोड पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस बार हरियाली तीज के दिन भी हम सघन वृक्षारोपण करने जा रहे हैं। 5 साल के कार्यकाल में प्रदेश में 50 करो? पौधरोपण का लक्ष्य लेकर काम कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि इस अभियान के तहत कम से कम एक पे? अवश्य लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं।

**हमारे डेढ साल के कार्य पूर्ववर्ती सरकार के पूरे कार्यकाल से ज्यादा-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने केवल डे? साल में ही प्रदेश के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं जोकि पूर्ववर्ती सरकार के पूरे 5 साल से भी ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डे? साल में किसानों को 253 लाख मीटर से अधिक तारबंदी के लिए अनुदान दिया तथा 32 हजार से अधिक फार्म पौंड बनवाए हैं। जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में केवल 113 लाख मीटर तारंबदी के लिए अनुदान दिया तथा केवल 29 हजार पौंड बनवाए। उन्होंने कहा कि पिछले डे? साल में 55 पशु चिकित्सालयों का प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नयन हुआ। वहीं, पूर्ववर्ती सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में केवल 48 का ही क्रमोन्नयन किया। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकाल में बिजली उत्पादन क्षमता में 4 हजार 270 मेगावॉट की वृद्धि हुई जबकि पिछली सरकार के पूरे कार्यकाल में 3 हजार 948 मेगावॉट की ही वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त हमारे कार्यकाल में सार्वजनिक स्थानों पर 4 हजार 598 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए जबकि पिछली सरकार ने 5 साल में 2 हजार 813 सीसीटीवी कैमरे ही लगाए।

**वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान में ढाई करोड लोगों ने लिया भाग, 42 हजार जलस्त्रोतों की हुई सफाई**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान में प्रवासियों की भागीदारी से 45 हजार गांवों में रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण हुआ। वहीं, हमने वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के माध्यम से 42 हजार से ज्यादा जल स्त्रोतों की सफाई की तथा करीब ढाई करो? लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश को जल में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक काम किया है। रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी गंगनहर, देवास योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से जल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है।

## जम्मू-कश्मीर में पुलिसकर्मी के साथ हिरासत में हैवानियत पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनाया सख्त रुख

### सीबीआई जांच और 50 लाख मुआवजे का आदेश

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने न सिर्फ तत्काल प्रभाव से इस मामले की स्वतंत्र जांच के आदेश दिए हैं, बल्कि आरोपी अधिकारियों की गिरफ्तारी का भी निर्देश जारी किया है। हिरासत में प्रताड़ना और मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों को लेकर समय-समय पर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जम्मू-कश्मीर से सामने आया है जहां एक पुलिस कांस्टेबल के साथ कथित रूप से हुए अत्याचार के मामले में देश की सर्वोच्च अदालत ने कठोर रुख अपनाते हुए राज्य प्रशासन और पुलिस व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा किया है। हम आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा स्थित ज्वाइंट इंटरोगेशन सेंटर (संयुक्त पूछताछ केंद्र) में एक पुलिस हेड कांस्टेबल के साथ हिरासत के दौरान कथित रूप से किए गए अमानवीय अत्याचार की जांच के लिए सीबीआई को आदेश दिया है। साथ ही जम्मू-कश्मीर प्रशासन को पीड़ित कांस्टेबल को 50 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश भी दिया गया है।



हम आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने न सिर्फ तत्काल प्रभाव से इस मामले की स्वतंत्र जांच के आदेश दिए हैं, बल्कि आरोपी अधिकारियों की गिरफ्तारी का भी निर्देश जारी किया है। अदालत ने साफ कहा है कि इस पूरे मामले में सितंबर 2025 तक जांच की प्रगति रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश की जाए। हम आपको बता दें कि याचिकाकर्ता के अनुसार, वह फरवरी 2023 में बारामूला में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात था। उस समय उसे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया। चूंकि उसकी पूर्व में तैनाती कुपवाड़ा में रही थी, इसलिए उसे इसमें कुछ असामान्य नहीं लगा और वह पेश हो गया। लेकिन, कांस्टेबल का आरोप है कि 20 से 26 फरवरी 2023 के बीच उसे कुपवाड़ा के संयुक्त पूछताछ केंद्र में बंधक बनाकर बेहद क्रूरता से प्रताड़ित किया गया। उसके साथ मारपीट, बिजली के झटके, निजी अंगों में मिर्च पाउडर डालने जैसी अमानवीय हरकतें और जननांगों को क्षति पहुंचाने जैसे हैवानियतपूर्ण कृत्य किए गए। याचिका में बताया गया कि उसकी हालत इतनी गंभीर हो गई थी कि अस्पताल में उसे मृतप्राय स्थिति में भर्ती कराया गया, जहां आपातकालीन सर्जरी के जरिए उसकी जान बचाई गई।

## मस्क ने स्पेसशिप जैसा दिखने वाला रेस्त्रां खोला



बढ़ता राजस्थान

**लॉस एंजिल्स ( एजेंसी )।** इलॉन मस्क का प्लान इस नए डायनर की ब्रांच दुनिया भर में खोलने का है। मस्क ने साउथ टेक्सास में स्टारबेस पर दूसरा टेस्ला डायनर खोलने का भी ऐलान किया है।इलॉन मस्क ने लॉस एंजिलिस में डायनर यानी, रेस्त्रां खोला है। इस फ्यूचरिस्टिक डायनर में बर्गर, हॉट डॉग जैसे फूड आइटम मिलते हैं। यहां श्वङ्क चार्जिंग के लिए 80 सुपरचार्जर भी लगे हैं।अगर कोई टेस्ला कार में आता हैं, तो कार की स्क्रीन से ही खाना ऑर्डर कर सकता है। साथ ही 66 फीट की मूवी स्क्रीन्स का ऑडियो टेस्ला की कार के साउंड सिस्टम से सिंक हो जाता है।1950 स्टाइल वाले डायनर के लॉन्च इवेंट में ऑप्टिमस रोबोट ने पॉपकॉर्न सर्व किया। यहां खाना साइबरट्रक-स्टाइल बॉक्स में सर्व किया जाता है। मस्क ने भी यहां डिनर किया।

## दुकानों पर लगाना ही होगा क्यूआर कोड, कांवड़ रूट पर यूपी सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने भी लगा दी अपनी मुहर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अदालत का यह फैसला उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान आया, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित खाद्य स्टॉल मालिकों को अपनी दुकानों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित करने, अपनी पहचान और अन्य जानकारियां बताने का निर्देश दिया गया था।सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी होटल मालिकों को वैधानिक लाइसेंसिंग और पंजीकरण आवश्यकताओं का पालन करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि इस स्तर पर, सभी संबंधित होटल मालिकों को वैधानिक रूप से आवश्यक लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र के आदेश का पालन करना होगा। हम स्पष्ट करते हैं कि हम बहस किए जा रहे मुद्दों पर विचार नहीं कर रहे हैं। आवेदन बंद किया जाता है। क्यूआर कोड अनिवार्यता के मुद्दे पर, सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वह फिलहाल इस पर विचार नहीं करेगा और



कहा कि क्यूआर कोड और इसी तरह के अन्य मुद्दों पर मुख्य याचिका में विचार किया जा सकता है, जो अभी न्यायालय में लंबित है।

अदालत का यह फैसला उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान आया, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित खाद्य स्टॉल मालिकों को अपनी दुकानों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित करने, अपनी पहचान और अन्य जानकारियां बताने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वह होटल या ढाबा मालिक का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करने संबंधी अन्य मुद्दों पर विचार नहीं कर रही है क्योंकि मंगलवार कांवड़ यात्रा का आखिरी दिन है। पीठ ने कहा कि हमें बताया गया है कि आज यात्रा का आखिरी दिन है। वैसे भी, निकट भविष्य में इसके समाप्त होने की संभावना है। इसलिए, इस समय हम केवल यह आदेश पारित करेंगे कि सभी संबंधित होटल मालिक वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करने के आदेश का पालन करें।

शीर्ष अदालत शिक्षाविद अपूर्वानंद झा और अन्य द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पिछले साल, सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों द्वारा जारी इसी तरह के निर्देशों पर रोक लगा दी थी, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों और अन्य विवरणों के नाम प्रदर्शित करने के लिए कहा गया था। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 25 जून को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए, झा ने कहा, नए उपायों में कांवड़ मार्ग पर स्थित सभी भोजनालयों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है, जिससे मालिकों के नाम और पहचान का पता चलता है, जिससे वही भेदभावपूर्ण प्रोफाइलिंग हासिल होती है जिस पर पहले इस अदालत ने रोक लगा दी थी।

## इतनी मेहनत करतें है पर थकते क्यों नहीं? शरद पवार ने बांधे फडणवीस के तारीफों के पुल

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** फडणवीस के सार्वजनिक जीवन और उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए महाराष्ट्र नायक नामक एक कॉफ़ी टेबल बुक का विमोचन किया गया। पवार ने इस पुस्तक में एक लेख भी लिखा है, जिसमें उन्होंने फडणवीस की अथक कार्यशैली और तेज़-तर्रार कार्यप्रणाली की प्रशंसा की है। अपने लेख में पवार ने लिखा कि देवेंद्र जिस गति से काम करते हैं, वह अद्भुत है... उनके समर्पण और ऊर्जा को देखकर, मैं अक्सर सोचता हूँ - वे कभी थकते कैसे नहीं? राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन पर उनकी सराहना की। गौरतलब है कि फडणवीस 22 जुलाई, 2025 को 55 वर्ष के हो जाएँगे। इस अवसर पर, फडणवीस के सार्वजनिक जीवन और उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए महाराष्ट्र नायक नामक एक कॉफ़ी टेबल बुक का विमोचन किया गया।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड का इस्तीफा मंजूर-संसद भी नहीं पहुंचे, विदाई समारोह में शामिल नहीं होंगे

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूर कर लिया। राज्यसभा में पीठासीन घनश्याम तिवाड़ी ने यह जानकारी दी। दूसरी तरफ, राज्यसभा के उपसभापति और जेडीयू सांसद हरिवंश ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। हरिवंश ने ही आज सुबह 11 बजे जगदीप धनखड़ की जगह, राज्यसभा की कार्यवाही शुरू की थी। धनखड़ आज सदन की कार्यवाही में भी शामिल नहीं हुए थे। इससे पहले खबर आई थी कि धनखड़ विदाई समारोह में भी शामिल नहीं होंगे। पीम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।



जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। उन्होंने 10 जुलाई को एक कार्यक्रम में कहा था, %ईश्वर की कृपा रही तो अगस्त, 2027 में रिटायर हो जाऊंगा।

**उपराष्ट्रपति के इस्तीफे की 2 थ्योरी**

पहली- राष्ट्रपति को लिखे त्यागपत्र में धनखड़ ने पद छोड़ने की वजह स्वास्थ्य बताया था।

दूसरी- विपक्ष इस्तीफे पर सवाल कर रहा है। कह रहा है कि इसकी वजह कुछ और है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को बताया, 21 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे श्री जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति की अध्यक्षता की।

इस बैठक में सदन के नेता जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू समेत ज़्यादातर सदस्य मौजूद थे।

## महिला ने एलिमनी में 12 करोड़ रुपए, बीएमडब्ल्यू कार मांगी: सुप्रीम कोर्ट बोला- खुद कमाकर खाइए, आप भी पढ़ी-लिखी हैं; सिर्फ 18 महीने की शादी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के एक मामले में कहा कि कहा कि अगर महिला काफी पढ़ी-लिखी हैं, तो उसे एलिमनी मांगने की बजाय खुद कमाकर खाना चाहिए। महिला ने मुंबई में एक फ्लैट, 12 करोड़ रुपए का भरण-पोषण और एक महंगी बीएमडब्ल्यू कार की मांग की थी।

**चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया , बी आर गवई की बेंच ने कहा-**

आपकी शादी सिर्फ 18 महीने चली और आप हर महीने 1 करोड़ मांग रही हैं। आप इतनी पढ़ी-लिखी हैं, फिर नौकरी क्यों नहीं करतीं? एक उच्च शिक्षित महिला बेकार नहीं बैठ सकती। आपको अपने लिए कुछ मांगना नहीं चाहिए। खुद कमाकर खाना चाहिए।

सीजेआई ने महिला से कहा कि आप एक फ्लैट से संतुष्ट हो जाइए या 4 करोड़ रुपए लेकर एक अच्छी नौकरी ढूंढिए। कोर्ट ने फ्लैट या 4 करोड़ लेकर समझौते का प्रस्ताव रखने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। साथ ही, मामले को रद्द करने का भी आदेश दिया।

**महिला बोली- पति बहुत अमीर, मैं एक बच्चा चाहती थी**



पत्नी ने अपना पक्ष रखते हुए मुंबई के कल्पतरु कॉम्प्लेक्स में एक फ्लैट की मांग की थी। महिला ने कोर्ट को बताया कि उसका पति सिटी बैंक में मैनेजर के रूप में काम करता है और उसका दो बिजनेस भी है। महिला ने कहा, %मेरा पति बहुत अमीर है।%

महिला ने आरोप लगाया, मेरे पति ने यह दावा करते हुए तलाक की मांग की कि मैं सिजोफ्रेनिया (मानसिक बीमारी) से पीड़ित हूं। क्या मैं सिजोफ्रेनिया से पीड़ित दिखती हूं, माई लॉर्ड?% महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति ने उसे उसकी पिछली नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर किया।

महिला ने कहा, मैं एक बच्चा चाहती थी, लेकिन उसने मुझे बच्चा नहीं दिया। मेरे खिलाफ स्नङ्कक्र दर्ज है, जिससे मुझे कहीं नौकरी नहीं मिलेगी।% महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति ने उसके वकील को भी भड़काया किया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ससुर की संपत्ति पर दावा नहीं कर सकती**

सीजेआई ने महिला से कहा, %हम स्नङ्कक्ररद्द कर देंगे, लेकिन समझ लीजिए कि आप उसके पिता की संपत्ति पर भी दावा नहीं कर सकतीं। आप बहुत शिक्षित हैं और अपनी इच्छा से काम न करने का फैसला किया है। एक शिक्षित व्यक्ति को आर्थिक स्वतंत्रता के लिए खुद कोशिश करनी चाहिए।

**पति ने कहा- पत्नी के पास पहले से दो कार पार्किंग वाला फ्लैट**

महिला के पति की ओर से पेश सीनियर वकील माधवी दीवान ने अदालत से कहा, उसे (पति को) भी काम करना पड़ता है। महिला इस तरह से हर चीज की मांग नहीं कर सकती।

एडवोकेट दीवान ने 2015-16 में पति की आय का ब्यौरा देते हुए बताया कि उसकी आय 2.5 करोड़ थी, जिसमें 1 करोड़ का बोनस भी शामिल था।

उन्होंने बताया कि पत्नी के पास पहले से ही दो कार पार्किंग वाला एक फ्लैट है, जो आय का एक स्रोत हो सकता है। बीएमडब्लू कार की मांग के जवाब में, पति की तरफ से बताया गया कि उसके पास वह कार 10 साल पुरानी थी और बहुत पहले ही कबाड़ में डाल दी गई थी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार